रोहतक
मंगलवार 21 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 76
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 42.0
न्यून. 19.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन

# नाकाबंदी ने रोका वार्ता का रास्ता

## अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर

**'पाक बोला-होर्मुज बंद रहा तो बातचीत होना मुश्किल**

**'ट्रंप का जवाब-मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा**

**'ईरानी राष्ट्रपति ने कहा वार्ता से ही समाधान होगा**

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन डीसी/तेहरान

होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दूसरी ओर, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे युद्ध को जल्द खत्म करना जरूरी है, ताकि देश पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार पर ध्यान दे सके। अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे युद्ध को सम्मान और समझदारी के साथ खत्म करने की कोशिश करेगा।

### पाक के गृह मंत्री नकवी ने ईरानी राजदूत रेजा से मुलाकात की

पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने ईरानी राजदूत रेजा अमीरी मोगद्दम से मुलाकात की। यह बैठक ईरानी दूतावास में हुई, जहां दोनों नेताओं ने अमेरिका के साथ अगले दौर की संभावित बातचीत और क्षेत्रीय तनाव कम करने के मुद्दे पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान अमेरिका के साथ वार्ता को आगे बढ़ाने की तैयारियों पर फोकस रहा। दोनों पक्षों ने माना कि बातचीत के जरिए ही हालात को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ाना जरूरी है।



### ईरान युद्ध मेरा फैसला, इजराइल ने नहीं उकसाया : ट्रंप

ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ युद्ध का फैसला उनका खुद का था और इसमें इजराइल की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर लिखा कि इजराइल ने मुझे ईरान के साथ युद्ध में नहीं धकेला। ट्रंप ने बताया कि इस फैसले की पीछे की वजह ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देना और 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल हमास की हमले की घटना थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया और सर्वे इजराइल के उकसावे को लेकर झूठी और मनगढ़ंत खबरें फैला रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर ईरान में नया नेतृत्व समझदारी से काम करे तो देश का भविष्य बेहतर और समृद्ध हो सकता है।

### अमेरिकी डेलिगेशन बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के साथ डील आज पाकिस्तान में साइन होगी। समझौता जल्द हो सकता है। इससे पहले न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने बताया था कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत अमेरिकी डेलिगेशन बातचीत के लिए इस्लामाबाद रवाना हो गया है और कुछ ही घंटों में वहां पहुंच जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ बातचीत करने जा रहा है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार कोई 'गेम' नहीं खेला जाएगा। इसी बीच पाकिस्तान और ईरान के बीच भी कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है।

### जहाजों की आवाजाही बनी रहे : शी चिनफिंग

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सामान्य आवाजाही बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। शी चिनफिंग ने कहा कि यह समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम है, इसलिए यहां जहाजों की आवाजाही बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मध्य-पूर्व में जारी तनाव के बीच तत्काल और व्यापक सीजफायर पर जोर दिया। चीनी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय विवादों का समाधान राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यमों से ही निकाला जाना चाहिए और सभी पक्षों को बातचीत के जरिए आगे बढ़ना चाहिए।

### होर्मुज स्ट्रेट से 2 दिन में केवल 3 जहाज गुजरे

होर्मुज लगातार तीसरे दिन लगभग खाली पड़ा है, क्योंकि ईरान और अमेरिका के बीच जहाजों की आवाजाही को लेकर टकराव बना हुआ है। सिर्फ तीन जहाज इस इलाके से गुजरते दिखे हैं, जिनमें दो खाली टैंकर थे। एक भरा हुआ टैंकर सोमवार सुबह इस रास्ते से बाहर निकला। यह नोवा क्रेस्ट नाम का जहाज था, जो पहले इराक के एक बंदरगाह से चला था। यह जहाज रूसी तेल ढोने के कारण ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के प्रतिबंध झेल चुका है। शनिवार को जब ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने फिर से रास्ता बंद होने का ऐलान किया, तो 13 जहाज बीच रास्ते से ही वापस लौट गए। उसी दिन एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी हुई और दो अन्य जहाजों पर भी फायरिंग की खबर आई। इन घटनाओं के बाद रविवार को कोई भी टैंकर इस रास्ते से नहीं गुजरा। (पेज 8 भी देखें)

# पीएम के उद्घाटन से पहले रिफाइनरी में लगी आग

## कार्यक्रम स्थगित, उच्च स्तरीय जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶| जयपुर



- 9 मिलियन टन सालाना कच्चे तेल की क्षमता
- दो मिलियन टन का पेट्रो केमिकल कॉम्पलेक्स
- 79,459 करोड़ की लागत से बनी रिफाइनरी

राजस्थान में बाड़मेर के नजदीक बालोतरा जिले की पचपदरा रिफाइनरी में सोमवार दोपहर 2 बजे भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक आग रिफाइनरी में कच्चे तेल को साफ करने वाली दो यूनिट में लगी। यूनिट से धुआं उठने पर कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम चालू किया। इसके बाद मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने करीब 2 से 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान यूनिट से लपटें उठती रहीं। करीब 79 हजार 459 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को उद्घाटन करने वाले थे। इस घटना के बाद उनका दौरा स्थगित हो गया है। आग लगते ही पूरे क्षेत्र को खाली करा लिया गया था। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही नुकसान और आग लगने के कारणों का आकलन किया जा सकेगा। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

### बालोतरा में स्थित है रिफाइनरी

सरकारी तेल कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड यानी एचपीसीएल की यह रिफाइनरी राजस्थान में नए बने जिले बालोतरा के पचपदरा में मौजूद है। करीब 79 हजार 459 करोड़ रुपये की लागत से करीब 4500 एकड़ (7200 बीघा) में बनी रिफाइनरी में विदेशों से मंगाए जाने वाले कच्चे तेल को प्रोसेस करने और उससे अलग-अलग प्रोडक्ट तैयार करने के लिए पूरा कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। यहां सालाना 9 मिलियन टन कच्चा तेल साफ किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा के पहले ही दिन 2 श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुईं। मध्य प्रदेश से अपने पति के साथ यात्रा पर आई एक महिला की घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गिरने से महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 'ब्रॉट डेड' घोषित कर दिया। वहीं, महाराष्ट्र से आए बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान तबीयत बिगड़ गई। चढ़ाई करते समय उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई। *एजेंसी*

### अब सीबीआई के नोटिस पर होगा क्यूआर कोड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नोटिस पर एक मई से विशेष क्यूआर कोड होगा, जिससे लोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित चैटबॉट 'अभय' के माध्यम से उनकी प्रामाणिकता की पुष्टि कर सकेंगे। साइबर अपराधियों के जाल में लोगों को फंसने से बचाने के लिए किसी भी एजेंसी द्वारा यह अपनी तरह की पहली पहल है। सीजेआई सूर्यकांत ने सोमवार को यहां 22वें डी पी कोहली स्मृति व्याख्यान में चैटबॉट की शुरुआत करते हुए इसे एक ''महत्वपूर्ण पहल'' बताया।

# जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 लोगों की मौत

**तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका**




**100 मीटर नीचे गिरी बस, 50 यात्री थे सवार, मोदी ने मृतकों के परिवार को 2-2 लाख की मदद का ऐलान किया**

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।

# जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, 3 मीटर ऊंची लहरें उठीं, तटीय क्षेत्र खाली कराए

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं। प्रशासन ने तटीय इलाकों को खाली कराना शुरू कर दिया है।

**बुलेट ट्रेन सर्विस रोकी, लोगों से ऊंचाई पर जाने की अपील**



### रेल सेवाएं रोकी गईं

भूकंप के झटके रिकॉर्ड होने के बाद तोहोकू शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवा को टोक्यो स्टेशन और शिन-आओमोरी स्टेशन के बीच अस्थायी रूप से रोका गया। ऑपरेटर ने बताया कि सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया। यामागाता और अकिता शिंकानसेन सेवाएं भी बंद की गईं। इवाते प्रिफेक्चर में सभी लोकल जेआर ट्रेन सेवाएं रोकी गईं।

**पोस्ट में पैसे लेने का किया था जिक्र**


# राहुल की दोहरी नागरिकता केस से हटे हाईकोर्ट के जज



**सीबीआई जांच एफआईआर का आदेश दिया, फिर पलटा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता केस से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज सुभाष विद्यार्थी ने खुद को अलग कर लिया है। सोमवार को जज ने यह फैसला याचिकाकर्ता की पोस्ट से नाराज होकर लिया है। याचिकाकर्ता ने पोस्ट किया था कि यदि आपने किसी से पैसा लिया है तो उसे वापस कर दें, अन्यथा आपको जेल जाना होगा। हालांकि उसने अपने पोस्ट में जज का जिक्र नहीं किया था। दरअसल 17 अप्रैल को जज ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। अगले ही दिन अपना फैसला बदल दिया था।

## जंगल में लगी आग, एयरक्राफ्ट क्रैश होने की खबर निकली झूठी



**कलेक्टर बोले- हादसे के कोई साक्ष्य नहीं मिले**

**जशपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के नारायणपुर-चारभाठी इलाके में एयर एम्बुलेंस (एयरक्राफ्ट) क्रैश होने की खबर अफवाह निकली। आरा पहाड़ से आग की लपटें उठ रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके के लिए रवाना हुई। हालांकि, मौके पर ऐसा कुछ नहीं था। एयरक्राफ्ट क्रैश होने की खबर को लेकर राज्य सरकार ने बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि कुछ न्यूज चैनलों और वेब पोर्टल में जशपुर जिले के नारायणपुर की पहाड़ियों में प्लेन के क्रैश होने की खबरें प्रसारित की गई है। इस तरह की दुर्घटना की कोई सूचना नहीं है।

## केजरीवाल के केस से नहीं हटूंगी : जस्टिस स्वर्णकांता



**जज हटाने की पूर्व सीएम की याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने शराब नीति केस से जुड़े पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें जज के केस से हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्ण कांता ने कहा, 'मैं इस मामले से खुद को अलग नहीं करूंगी। मैं सुनवाई करूंगी। मैं हट गई तो संदेश जाएगा कि दबाव डालकर किसी भी केस से जज हटा सकते हैं।' दरअसल, केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता पर पक्षपात और हितों के टकराव का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि जज आरएसएस से जुड़े संगठन के कार्यक्रम में कई बार गई हैं।

## अब भीम एप पर ही चेक कर सकेंगे क्रेडिट स्कोर




**नई दिल्ली।** अगर आप भी भीम एप के जरिए यूपीआई पेमेंट करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। डिजिटल ट्रांजैक्शन को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। भीम यूपीआई एप का इस्तेमाल करने वाले करोड़ों यूजर्स एप के अंदर ही अपना क्रेडिट स्कोर चेक कर सकेंगे। इससे यूजर्स को अपनी फाइनेंशियल हेल्थ ट्रैक करने के लिए अब अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर भटकने की जरूरत नहीं होगी। एनपीसीआई ने बताया कि उसकी इकाई भीम सर्विसेज और ट्रांसयूनियन सिबिल के बीच करार हुआ है।

**जेईई मेन के नतीजे घोषित**

## 26 होनहारों ने किया 'टॉप' हासिल किए परफेक्ट 100




**2.5 लाख अभ्यर्थियों को जेईई एडवांस्ड में मौका, राजस्थान से सर्वाधिक टॉपर**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस साल के परिणाम कई मायनों में ऐतिहासिक और चौंकाने वाले रहे हैं। एक ओर जहां देश के 26 होनहारों ने 100 परसेंटाइल का जादुई आंकड़ा छूकर अपनी मेधा साबित की है, वहीं दूसरी ओर अनुचित साधनों के इस्तेमाल के चलते 110 से अधिक छात्रों का रिजल्ट रोक दिया गया है। इस साल इंजीनियरिंग एंट्रेंस में 26 उम्मीदवारों ने 100 एनटीए स्कोर हासिल किया है। दिल्ली के श्रेयस मिश्रा, आंध्र प्रदेश के नरेंद्रबाबू और बिहार के शुभम कुमार जैसे छात्रों ने देश भर में टॉप किया है। राज्यों की बात करें तो राजस्थान का प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां से सबसे ज्यादा टॉपर निकले हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए एनटीए इस बार बेहद सख्त नजर आया। एजेंसी ने जानकारी दी कि 110 से ज्यादा उम्मीदवारों के परिणाम अनुचित साधनों के प्रयोग के कारण रोक दिए गए हैं। इनमें फर्जी दस्तावेज पेश करने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होना शामिल है।

*बेटी की बीमारी से तंग आकर उठाया कदम*

# कुरुक्षेत्र में जन्मदिन के दिन तीन वर्षीय बच्ची संग माता-पिता ने की आत्महत्या

**तीनों के शव फंदे पर लटके मिले**



### सुसाइड नोट मिला

पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। नोट में लिखा है कि बेटी की लाइलाज बीमारी के चलते हम ये कदम उठा रहे है। बच्ची का दर्द हमसे सहन नही होता इसलिए हम ये कदम उठा रहे है। इसके अलावा जतिंद्र ने मरने से पहले अपने जीजा को टैक्सट मैसेज भी भेजा है।

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। माता पिता ने जन्मदिन के दिन 3 साल की बच्ची संग जान दे दी। तीनों के शव घर पर पहली मंजिल पर बने कमरे की छत पर लटके मिले हैं। बताया जाता है कि बेटी की गंभीर बीमारी को लेकर परिवार काफी परेशान था। इसी तनाव में माता-पिता ने बच्ची संग फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह सुभाष मंडी चौकी को सूचना मिली कि प्रेम नगर कॉलोनी में एक घर में तीन लोगों ने फांसी लगा ली है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। देखा तो पति, पत्नी और उनकी 3 साल की बच्ची फांसी पर लटक रही थी। तुरंत तीनों को नीचे उतारा गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जतिंद्र कुमार (30), पत्नी मंजू (28) और बेटी अदविका के रूप में हुई। जतिंद्र कुमार रेलवे मेल सर्विस में काम करता था।

**मई के पहले सप्ताह में बदलेगा मौसम**

## 42 डिग्री तापमान के साथ नारनौल रहा प्रदेश में सबसे गर्म

# आज से तीन दिन चलेगी लू, सताएगी तेज गर्मी, हफ्तेभर में 4 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

*मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ हिस्सों में 21, 22 और 23 अप्रैल को तीन दिन तक लू चलने की संभावना है। भीषण गर्मी के चलते दिन के समय बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में अब गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को मौसम शुष्क बना रहा। नारनौल में सबसे अधिक 42 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान 19.4 डिग्री सिरसा में रहा। चार जिलों में 40 डिग्री से अधिक तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले सप्ताह में गर्मी में बढ़ोतरी होगी। विभाग का कहना है कि प्रदेश में सोमवार को सभी जिलों में शुष्क रहने के आसार हैं। आने वाले 7 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।

### ज्यादातर जिलों में पारा 40 के करीब

### शुष्क रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार 20 अप्रैल को मौसम शुष्क रहा और किसी प्रकार की कोई चेतावनी नहीं जारी की गई थी। वहीं 21 अप्रैल को चरखी दादरी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, मेवात, पलवल, रोहतक, झज्जर, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला और पंचकूला में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है।



### रातें रहेंगी गर्म

इसके अलावा 21 अप्रैल को ही चरखी दादरी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला में कुछ स्थानों पर गर्म रात (वार्म नाइट) की स्थिति रहने की संभावना है।

### लोग सावधानी बरतें

विभाग ने बताया कि इन दिनों में कुछ स्थानों पर गर्म रात (वार्म नाइट) की स्थिति भी बन सकती है, जिससे लोगों को दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि तेज गर्मी और लू के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें, खासकर दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें और पर्याप्त पानी का सेवन करें।

**खबर संक्षेप**



## महिलाओं के अधिकार में रोड़ा बनी कांग्रेस : शर्मा

**चंडीगढ़।** सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की माताओं, बहनों और बेटियों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के अधिकारों को कभी दया का विषय नहीं माना, बल्कि इसे न्याय का विषय बताया है। यह विधेयक महिलाओं को उनकी निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रेखा शर्मा सोमवार को पंचकूला पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रही थी।

## कांग्रेस ने रेवाड़ी व धारूहेड़ा उम्मीदवारों की घोषणा की

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने सोमवार को रेवाड़ी और धारूहेड़ा के लिए नगर परिषद/समिति चुनाव के लिए लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रेवाड़ी नेहारिका और धारूहेड़ा से राजेश यादव को टिकट दिया गया है। देर शाम उम्मीदवारों की घोषणा की गई।

## अग्निशमन कर्मी 27 से करेंगे क्रमिक भूख हड़ताल

**चंडीगढ़।** अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल 13वें दिन में प्रवेश कर गया है। हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन शाखा नगर पालिका कर्मचारी संघ आंदोलन को तेज करने का ऐलान करते हुए 22 से 25 तक न्याय की पुकार विधायकों के दरबार कार्यक्रम के तहत सभी विधायकों और मंत्रियों को ज्ञापन देने एवं 27 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आवाहन पर प्रदेश के सभी 11 नगर निगमों औऱ 22 नगर परिषदों एवं 59 नगर पालिकाओं के हजारों कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर जनता के बीच काम करते हुए सरकार के कर्मचारी एवं दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करने का अभियान शुरूकर दिया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने बताया कि फायर कर्मचारी की न्याय उचित मांगों को पूरी करवाने के लिए चल रही हड़ताल के समर्थन एवं प्रदेश के पालिका कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के लिए संघर्ष कर रहे है।

## इस बार गर्मियों में नहीं सताएगी बिजली किल्लत, सरकार के दो महत्वपूर्ण निर्णय

# शहरों में दो और गांवों में चार घंटे में ठीक होंगे ट्रांसफार्मर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य में बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मरों को 2 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 4 घंटे के भीतर बदलना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की समस्या से राहत मिल सके। अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आने दी जाए और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक उप-मंडल में ट्रांसफार्मर बैंक और मोबाइल ट्रॉलियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 11 केवी और 33 केवी फीडरों के आसपास पेड़ों की समय रहते छंटाई की जाए, ताकि बारिश और आंधी-तूफान के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही ट्रांसफार्मरों के परिवहन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

### जिलों में ट्रांसफार्मर बैंक बनेंगे



ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में निगम के कर्मचारी उसे तुरंत ठीक करने पहुंचेंगे। मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली सप्लाई शुरू की जाएगी। इसके लिए जिलों में मोबाइल ट्रांसफार्मर बैंक बनेगा। हर जिले में पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाएगी।

### उपभोक्ताओं पर 8200 करोड़ बकाया 15 दिन के अंदर नोटिस भेजे जाएंगे

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि राज्य में 8200 करोड़ रुपये की बकाया राशि की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। भूमि वसूली अधिनियम के तहत स्थायी रूप से काटे गए बिजली कनेक्शनों वाले उपभोक्ताओं को 15 दिनों के भीतर नोटिस जारी किए जाएंगे और निर्धारित समय-सीमा में वसूली सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बिजली चोरी पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां चोरी के मामले सामने आए हैं, उन्हें अंतिम अवसर दिया जाएगा कि वे बकाया राशि जमा करा दें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली चोरी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की वह बिजली चोरी रोकने के लिए लगातार छापेमारी करें और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल भरने का भी आह्वान किया।

### सुरक्षा किट उपलब्ध करवाने के निर्देश

ऊर्जा मंत्री ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि सभी तकनीकी कर्मचारी निर्धारित सुरक्षा किट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग में सामग्री की उपलब्धता, पारदर्शी इन्वेंट्री प्रबंधन तथा ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत विज ने कहा कि मार्च 2027 तक 2.2 लाख घरों तक सौर ऊर्जा पहुंचाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को मासिक लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए।

# ट्रांसफार्मरों के लिए 41 गैस सर्किट ब्रेकर खरीदने की मंजूरी



### सीएम की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक हुई। बैठक में तीन एजेंडे रखे जिसमें से दो एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में हरियाणा बिजली वितरण निगम के 220 केवी के ट्रांसफार्मरों के लिए एसएफ 6 गैस सर्किट ब्रेकर की खरीद को अनुमति प्रदान की गई। इन ट्रांसफार्मरों के लिए 41 गैस सर्किट ब्रेकर खरीदें जाएंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति में इनकी नियमित सप्लाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इसलिए बिजली वितरण निगम को लगभग 918.4 लाख रुपए की लागत से सर्कट ब्रेकर खरीदे जाएंगे। बैठक में विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### उपकरणों को जलने से बचाना है गैस सर्किट ब्रेकर

गैस सर्किट ब्रेकर उच्च-वोल्टेज विद्युत प्रणालियों में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जो फॉल्ट (जैसे शॉर्ट सर्किट या ओवरलोड) की स्थिति में बिजली के प्रवाह को तुरंत रोककर उपकरणों को नुकसान से बचाता है। यह सल्फर हेक्साफ्लोराइड गैस का उपयोग करके बिजली बंद होने पर उत्पन्न होने वाले आर्क (चिंगारी) को जल्दी और सुरक्षित रूप से बुझाता है

### हिसार इंटीग्रेटेड क्लस्टर के सलाहकार नियुक्त होगा

इसी प्रकार हिसार में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने व नए शहरों के लिए प्रोग्राम मैनेजर के तौर पर काम करने हेतू सलाहकार की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार हिसार में बनने वाले मेन्यूफक्चरिंग हब पर कार्य आरम्भ हो जाएगा और जनता को इस हब का जल्द ही लाभ मिलना शुरू हो सकेगा। राज्य सरकार इन नए शहरों को विकसित करने के लिए सलाहाकार नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई, जो लगातार तीन साल तक इन हबों के लिए कार्य करेंगे।

## बाढ़ संबंधी कार्यों के लिए सप्ताह के भीतर टेंडर करें : चौधरी



**चंडीगढ़।** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने निर्देश दिए कि बाढ़ संबंधी सभी कार्यों के लिए इस सप्ताह के भीतर निविदाएं (टेंडर) आमंत्रित की जाएं, ताकि कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का भुगतान एसई, एक्सईएन, जेई और संबंधित सरपंचों द्वारा सत्यापन के बाद ही किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि गाद निकालने के कार्यों में लापरवाही न हो, इसके लिए मुख्यालय स्तर से एक विशेष टीम का गठन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह टीम विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करें

# 590 करोड़ के बैंक घोटाले में अधिकारियों की मिलीभगत, 200 से अधिक संदिग्ध लेनदेन मिले

■ सीबीआई का अदालत में खुलासा, हर स्तर पर घोटालेबाजों का साथ दिया

चंडीगढ़। 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि आरोपियों ने सरकार के अधिकारियों की भूमिका का पर्दाफाश किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, 200 से अधिक उच्च मूल्य और अवैध लेनदेन सामने आए हैं। सीबीआई ने सोमवार को विशेष अदालत को बताया कि आरोपियों ने बैंक खातों के खुलवाने से लेकर फर्जी भुगतान पर कार्रवाई न करने तक में सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता की जानकारी दी है। साथ ही, आरोपियों ने उन अधिकारियों के हस्ताक्षर भी पहचान लिए हैं, जिन्होंने चेक और डेबिट नोट पर साइन किए थे। जांच एजेंसी के अनुसार, एक विभाग में बिना किसी नोटिंग या अनुमति के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में खाता खोल दिया गया, जबकि दूसरे मामले में सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना ही खाते में धन जमा कर दिया गया। सीबीआई ने कहा कि कई मामलों में उचित जांच (ड्यू डिलिजेंस) नहीं की गई और दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि भी नहीं हुई। सीबीआई ने यह भी बताया कि हरियाणा वित्त विभाग के उन निर्देशों का उल्लंघन किया गया, जिनमें सरकारी कार्यों के लिए बैंकों के चयन (एम्पैनलमेंट) के नियम तय हैं।इस घोटाले के बाद हरियाणा सरकार अब तक दो आईएएस अधिकारियों आरके सिंह और प्रदीप कुमार को निलंबित कर चुकी है, जबकि चार अन्य आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है।

### आठ विभागों में बड़ा घपला

यह मामला आठ विभागों के 12 खातों से जुड़ा हुआ है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस घोटाले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (222.03 करोड़), नगर निगम पंचकूला (81.03 करोड़), हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड (54.29 करोड़), हरियाणा पावर जेनरेशन कॉरपोरेशन (54.20 करोड़), हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद (54.05 करोड़), हरियाणा ग्रामीण विकास निधि बोर्ड (49.84 करोड़), नगर परिषद कालका (30.64 करोड़) और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (10.07 करोड़) को नुकसान हुआ। कुल मिलाकर 556.15 करोड़ रुपये की राशि इसमें शामिल है।

### अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

सीबीआई ने पांच आरोपियों, अभय कुमार, स्वाति सिंगला, अभिषेक सिंगला, नरेश कुमार और मनीष जिंदलको न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि वे महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत हैं और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बाद विशेष न्यायाधीश राजीव गोयल ने सभी पांचों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।


**कार्यालय-जिला नगर योजनाकार, कैथल**
नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा
प्रथम तल, एच.एस.वी.पी. कम्पलैक्स, सैक्टर-19,
Ph. : 01746-223368; E-mail: dtp3.kaithal.tcp@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के आदेशानुसार (CWP-PIL नंबर 212 of 2024 के अंतरिम आदेश दिनांक 02.04.2026 के अनुसार), नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा स्वीकृत सभी लाईसैंस कालोनी के निवासियों से अनुरोध है कि जिस किसी ने भी internal roads व Sector roads के ROW में जो भी अवैध encroachment कर रखी है उसे तुरंत प्रभाव से स्वयं हटा लें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आदेशानुसार,
जिला नगर योजनाकार, कैथल।

**उत्तर रेलवे**
खुली निविदा सूचना
अभिव्यक्ति की रुचि

| | |
|---|---|
| 01 | **एन. आई. टी. संख्या :** एन. आई. टी.-140-मेड-02-अम्बाला-2026 |
| 02 | **निविदा संख्या :** 140-मेड/टेंडर/02/2026 |
| 03 | **कार्य का नाम :** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, अंबाला मण्डल द्वारा प्रख्यात निजी इमेजिंग केंद्रों कालका, बठिंडा, सहारनपुर (सादे एव विशेष एक्सरे, सी. टी. स्केन, अल्ट्रासाउंड, एम. आर. आई.) वर्तमान सी. जी. एच. रेट पर रेलवे लाभार्थियों के विभिन्न जाँचों की कैशलेस सुविधा देने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.nr.indianrailways.gov.in पर जाएं। |
| 04 | **कार्य अवधि :** 24 महीने |
| 05 | **निविदा डालने व खोलने की अंतिम तिथि व समय :** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय अंबाला के कार्यालय में निविदा/आवेदन पत्र डालने का समय दिनांक 15.05.2026, समय 15:00 बजे तक तथा टेंडर खोलने का समय दिनांक 15.05.2026 को 15:10 बजे। |
| 06 | **जहां निविदा दस्तावेज उपलबंध होंगे :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in फर्म दिनांक 15.05.2026 को 11:00 बजे तक डाउनलोड कर सकते हैं। |
| 07 | **पहले से सूचीबद्ध इमेजिंग केंद्र :** जिन निजी इमेजिंग केंद्रों जो पहले से अंबाला डिवीजन के साथ सूचीबद्ध किया गया है और उनके पास वैध अनुबंध है, उन्हें नए सिरे से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। |

सं.: एन. आई. टी.-140-मेड-02-अंबाला-2026 दिनांक: 17.04.2026 1301/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

विज्ञापन स.: 01/NT/C/2026 **रोजगार सूचना** दिनांक: 16.04.2026

संविदा आधार पर विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों (जिनमें भारत के प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.05.2026 है।

कुलसचिव

HP COTTON
TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**
(CIN: L18101HR1981PLC012274)
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**द्वितीय 100 दिवसीय अभियान – 'सक्षम निवेशक' के सम्बन्ध में शेयरधारकों को सूचना**

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") ने निवेशक शिविर और निवेशक शिक्षा एवं सुविधा के लिए इसके एक विशाल अभियान के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए 01 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक द्वितीय 100-दिवसीय अभियान – ''सक्षम निवेशक'' का शुभारम्भ किया है, जिसमें उन शेयरधारकों को लक्ष्य बनाया गया है जिनके लाभांश भुगतान नहीं किए / दावा नहीं किए गए रह गए थे। आईईपीएफए के निर्देशों के अनुरूप, एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ('कम्पनी') ने उन शेयरधारकों के लिए द्वितीय 100-दिवसीय अभियान – ''सक्षम निवेशक'' का सूत्रपात किया है, जिनके लाभांश भुगतान नहीं किये गये / दावा नहीं किए गए हैं, और यह सूचना उपरोक्त अभियान के भाग के रूप में कम्पनी द्वारा जारी की जा रही है।

सभी शेयरधारक जिनको लाभांश का भुगतान नहीं किया गया / दावा नहीं किया गया अथवा वे जो आपके ग्राहक को जानो ('केवाईसी') अथवा नामांकन विवरण अपडेट करवाने के लिए अपेक्षित है अथवा भुगतान नहीं किए गए / दावा नहीं किए गए लाभांश और शेयरों से सम्बन्धित किन्हीं मुद्दों / प्रश्नों के मामले में आग्रह किया जाता है कि कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए'') को अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाउस, 4ई/2 झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर लिखें, टेली. : +91-11-4254 1234 ; फैक्स : +91-11-4254 1201 ; ई-मेल : info@alankit.com पर अथवा कम्पनी के नोडल ऑफिसर को cs@hpthreads.com पर लिखें। शेयरधारक आगे ध्यान दें कि यह अभियान विशेषतः उनके केवाईसी और नामांकन विवरण अपडेट करने के लिए शेयरधारकों तक पहुंचने के लिए प्रारम्भ किया गया है।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि अपने शेयरों को आईईपीएफए के पास हस्तांतरित किए जाने से बचाने के लिए उनके भुगतान नहीं किए / दावा नहीं किए गए लाभांश के लिए दावा करें और अपने विवरण अपडेट करवाएं। यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.hpthreads.com पर और स्टाक एक्सचेंज जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीकृत हैं अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान : नई दिल्ली शुभम जैन
दिनांक : 20 अप्रैल, 2026 कम्पनी सचिव


## मिशन ओलंपिक के लिए प्रतिभाओं को निखारा जा रहा : रस्तोगी

**चंडीगढ़।** देश के स्पोर्ट्स हब के तौर पर पहचान बने चुके हरियाणा की नजर अब 2036 ओलंपिक खेलों पर है। राज्य सरकार ने 'मिशन ओलंपिक 2036- विजयी भवः' कार्यक्रम के तहत 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को तराशने के लिए दीर्घकालिक प्रतिभा पहचान कार्यक्रम शुरू किया है। साथ ही वन डिस्ट्रिक्ट, वन स्पोर्ट्स पहल के तहत जिला स्तर पर प्रतिभा खोज अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अंबाला से नूंह तक हर जिले की प्रतिभाओं को समान अवसर मिल सके। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार यहां एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए खेल, प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण और उच्च शिक्षा से संबंधित राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।



### मुख्य सचिव ने पूरी की स्व-गणना प्रक्रिया

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जनगणना 2027 के लिए डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देते हुए सोमवार को यहां ऑनलाइन जनगणना पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक स्व-गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन)) प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने बताया कि यह सुविधा उपयोगकर्ता-अनुकूल, सुरक्षित और सुविधाजनक है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव : संवेदनशील बूथों पर कड़ी नजर रखें पर्यवेक्षक

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने सोमवार को हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग, पंचकुला में आयोजित बैठक में सामान्य, पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखें, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करें तथा मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से



नकदी, शराब, कपड़े या अन्य प्रलोभनों के वितरण पर सख्त नजर रखें। अवैध हथियारों, आपराधिक तत्वों एवं असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के साथ-साथ जहां ईवीएम मशीनें रखी गई हैं, उन स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पर्यवेक्षक जिला प्रशासन की तैयारियों का निरंतर आकलन करें और किसी भी कमी को तुरंत आयोग के संज्ञान में लाएं।


**कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

मु.न. 57 दिनांक 01.04.2026 धारा-127 (6) BNS थाना थारूहेड़ा जिला रेवाड़ी।

**गुमशुदा भारतभुषण की पहचान हेतु**



नाम - भारत भुषण
माता-मगनी देवी
पिता का नाम - महाबीर
उम्र - 30 वर्ष लगभग, कद 5 फुट 9 इंच
हुलिया रंग गौरा, लंबुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर तथा सफेद छोटे बाल वा मुंछे वा कद 5.8 इंच, उम्र 38 वर्ष
पहनावा - लाल रंग की टी शर्ट, स्लेटी रंग का लोअर और लाल रंग का कंबल, हवाई चप्पल

दिनांक 21.03.2026 को भारत भुषण पुत्र महाबीर निवासी अलावलपुर थाना धारूहेड़ा जिला रेवाड़ी मानसिक परेशानी के चलते अपने घर से बिना बताये कहीं चला गया जिसकी गुमशुदगी बारे थाना धारूहेड़ा में उपरोक्त मुकदमा दर्ज किया गया है जिसके बारे अब तक कोई सुराग नही लग सका है। अगर किसी इलाका थाना में उक्त हुलिया के किसी भी व्यक्ति बारे में पता हो या इसकी सूचना मिले तो निम्नलिखित फोन नंबरों पर संपर्क करने की कृपा करे।

अनुसंधानकर्ता के मो. नं. -9817666906
प्रबंदक थाना थारूहेड़ा के मो. नं. -7056666125
कंट्रोल रुम रेवाड़ी मो. नं. -01272-225156, 9306952004
पीआरडीएच-1084/11/4696/2027/44700/88/6 दि. 20.04.26

MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
PM Internship

**भारत सरकार**

**रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण**

**कम्पनी मामलों का मंत्रालय (एमसीए)**
भारत भर में इंटर्नशिप अवसर प्रदान करने के लिए
**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के पायलट प्रोजैक्ट** के तहत पार्टनर कंपनियों के रूप में भाग लेने के लिए कंपनियों को आमंत्रित करता है।

**पात्र कंपनियां**

- कंपनियां जिन्होंने पीएमआईएस पायलट चरण 1 और/अथवा चरण 2 में भाग लिया है
- पिछले तीन वर्षों में औसत सीएसआर व्यय के आधार पर शीर्ष 2000 कंपनियां
- जिनका वार्षिक टर्नओवर रु. 1,000 करोड़ या उससे अधिक (पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष) और सीएसआर व्यय है अथवा जिनकी कुल नेटवर्थ रु. 500 करोड़ या उससे अधिक (पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष) और सीएसआर व्यय है।

*विस्तृत दिशानिर्देश और पात्र कंपनियों की सूची पीएमआईएस पोर्टल (www.pminternship.mca.gov.in) पर देखे जा सकते हैं।

**रुचि की अभिव्यक्ति जमा करना**

कंपनियों से आग्रह है कि वे अपनी रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) निर्धारित प्रारूप में pmisindustrysupport@mca.gov.in पर जमा करवाएं। **कौशल विकास** और **उद्योग प्रदर्शन** के माध्यम से **युवाओं की रोजगार क्षमता** बढ़ाने में सहयोग करें।

CBC 07101/11/0001/2627


## अनाज मंडियों में अव्यवस्था से किसान परेशानः सैलजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की अनाज मंडियों में किसानों को आ रही समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए



सांसद ने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीद व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई मंडियों से लगातार यह शिकायतें सामने आ रही हैं कि पोर्टल में तकनीकी खामियां हैं, सर्वर बार-बार डाउन हो रहा है और किसानों के अंगूठों का मिलान नहीं हो पा रहा। इसके कारण न केवल खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है बल्कि किसानों की फसल बिक्री भी अटक रही है। सैलजा ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में किसानों को पहले ऑनलाइन प्रक्रिया में उलझाया गया।

## एससी कर्मचारियों की प्रमोशन नीति में संशोधन, शॉर्टफॉल को पूरा किया जाएगा

डीगढ़। हरियाणा सरकार ने अपनी योग्यता (मेरिट) के आधार पर पदोन्नत होने वाले अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण संबंधी मौजूदा निर्देशों में संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी जारी निर्देशों के अनुसार, यदि किसी प्रमोशनल कैडर में अनुसूचित जाति वर्ग का वास्तविक प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से कम है, तो ऐसी स्थिति में पदोन्नति कोटे के रिक्त पदों पर सबसे पहले फीडर पद पर कार्यरत पात्र अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। यह प्रक्रिया तब तक अपनाई जाएगी जब तक कि रिक्त पदों के माध्यम से प्रतिनिधित्व में आई कमी (शॉर्टफॉल) को पूरा नहीं कर लिया जाता। जिन विभागों या कैडर में अनुसूचित जाति वर्ग का प्रतिनिधित्व पहले से ही 20 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां फीडर पद पर कार्यरत पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति लागू सेवा नियमों के अनुसार सामान्य प्रक्रिया के तहत की जाएगी। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रमोशनल कैडर में 20 प्रतिशत प्रतिनिधित्व की गणना करते समय उन सभी कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा जो 'वरिष्ठता-सह-योग्यता' (सीनियरटी-कम-मेरिट) के आधार पर पदोन्नत हुए हैं, चाहे उन्होंने आरक्षण का लाभ लिया हो या वे अपनी मेरिट के आधार पर पदोन्नत हुए हों।


**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री कृष्ण कुमार श्रीमती माया देवी कृष्ण कुमार राजमिस्त्री, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10643971) | गांव बुर्ज भंगु, तहसील व जिला सिरसा, हरियाणा-125077 के लाल डोरा में स्थित प्लॉट/मकान एलजीडी आईडी नं. 606090093 और यू.आई.डी. नं. 60609WW0S1000R0093A, माप 242.891 वर्ग मी., क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2614 | रु. 297900/- रुपये दो लाख सतानवे हजार नौ सौ केवल | 05-01-2026 | 17-04-2026 |
| श्रीमती कृष्णा देवी, श्री राज कुमार, कृष्णा देवी डेयरी राजकुमार सीमेंट रिंग मैनुफेक्चर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10540625) | प्लॉट/मकान यूआईडी नं. 606090085, सम्पत्ति आईडी 60609WW0S1000R0085A, गांव बुर्ज भंगु, सिरसा, हरियाणा-125077, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1481.00, 1224.00 | रु. 360670/- रुपये तीन लाख साठ हजार छह सौ सत्तर केवल | 03-11-2025 | 17-04-2026 |
| श्री चमकिला श्रीमती करमजीत कौर चमकिला ट्रैक्टर सर्विस (प्रोस्पैक्ट नं. IL10647118) | खेवट नं. 1989 खतौनी नं. 2217 मुरब्बा नं. 143//10/25, गांव नजादेला कलां, सिरसा, हरियाणा-125060 में सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1089.00, 580.00 | रु. 559278/- रुपये पांच लाख उनसठ हजार दो सौ अठहत्तर केवल | 24-10-2025 | 17-04-2026 |
| श्री पप्पू सिंह श्रीमती सिलोचना पप्पू सिंह पलम्बर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10684244) | 60609WW0S1000R0097A, गांव बुर्ज भंगु, सिरसा, हरियाणा-125077, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1185.00, 664.00 | रु. 491370/- रुपये चार लाख इक्यानवे हजार तीन सौ सत्तर केवल | 09-01-2026 | 17-04-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल – एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 21.04.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## खबर संक्षेप

### पानीपत के लापता छात्र का शव 6 दिन बाद दिल्ली में नहर से मिला

**समालखा।** समालखा के लापता छात्र हिमांशु सिंघला का शव 6 दिन बाद दिल्ली के नरेला स्थित एक नहर से बरामद हुआ है। नरेला पुलिस ने सोमवार को समालखा थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर समालखा चौकी इंचार्ज अनिल कुमार अपनी टीम और हिमांशु के परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर अपने बेटे की पहचान की। 15 अप्रैल को समालखा के नामुंडा नहर किनारे हिमांशु की चाबी लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी, एक लाइसेंसी रिवॉल्वर, 12वीं कक्षा की किताबें और एक बैग बरामद हुआ था। रिवॉल्वर से 2 कारतूस चले हुए थे, जबकि बैग में 4 जिंदा कारतूस, चॉकलेट के रैपर और एक चश्मे की डिब्बी मिली थी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी टीजीटी अध्यापक गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में एक टीजीटी अध्यापक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अध्यापक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी अध्यापक का उसके घर पर आना-जाना था। बीते दिनों दोपहर के समय आरोपी उसके घर पहुंचा, उस समय घर पर कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी की नीयत खराब हो गई और उसने पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे जबरदस्ती कमरे में खींच लिया तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी अध्यापक विजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### नूंह में राजकीय स्कूल में चौकीदार ने किया सुसाइड

**नूंह।** जिले के एक राजकीय कन्या विद्यालय में चौकीदार ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सलंबा निवासी इंद्रजीत (36) के रूप में हुई है, जो लंबे समय से स्कूल में कार्यरत था। दरअसल घटना का खुलासा सोमवार सुबह तब हुआ जब उसकी छोटे भाई की पत्नी रोजाना की तरह स्कूल में झाड़ू लगाने पहुंची। कमरा खोलने पर उसने इंद्रजीत को फंदे पर लटका देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतारा। इस दौरान उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज नलहड़ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिवार के सदस्यों के अनुसार, इंद्रजीत पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान था।

### दुराचारी को 20 साल की कठोर सजा सुनाई

**पंचकूला।** पंचकूला की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने वर्ष 2021 के एक पॉक्सो मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। पुलिस के अनुसार, मामला 13 दिसंबर 2021 को तब सामने आया, जब पीड़िता की मां ने पंचकूला महिला थाना में न्याय की गुहार लगाई थी। 12 दिसंबर को एक परिचित व्यक्ति उनकी 14 वर्षीय बेटी को किसी रिश्तेदार से मिलवाने के बहाने सुनसान स्थान पर ले गया और वहां दुष्कर्म किया।

---

श्रमिक कल्याण बोर्ड में करीब 1500 करोड़ का वर्क स्लिप घोटाला पकड़े में आने के बाद मंत्री विज ने दिखाई सख्ती

# एसीएस को विज ने लिखा पत्र : श्रम विभाग में 18 साल का खंगालेंगे रिकॉर्ड

**दो साल के रिकॉर्ड की जांच में 90 प्रतिशत तक श्रमिकों की वर्क स्लिप मिली थी फर्जी**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

श्रम विभाग में श्रमिकों के नाम पर स्कीमों के पैसे की बंदरबांट करने और वर्क स्लिप घोटाले को देखते हुए विभाग के मंत्री अनिल विज इस तरह के खेल में शामिल कर्मियों व अफसरों को बख्शने के लिए तैयार नहीं हैं। वर्क स्लिप के नाम पर बड़े स्तर पर हुए खेल के बाद मंत्री विज ने विभागीय अतिरिक्त मुख्य सचिव को स्पष्ट शब्दों में लिख दिया है कि हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का गठन जब से हुआ है, उसी वक्त से इसकी स्कीमों और उसमें बांटे गए सामान व राशि आदि को लेकर विस्तार से जांच पड़ताल कराई जाए। मंत्री ने अफसरों को साफ कर दिया है कि जरूरत पड़े तो इसमें कानूनी राय भी ली जाए। ऐसे में अब 18 वर्ष का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जाएगा।

भरोसेमंद उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि श्रम, ऊर्जा और परिवहन मंत्री श्रमिकों के फर्जी पंजीकरण घोटाले में खुलासा हो जाने के बाद से इस तरह से गरीब मजदूरों के नाम पर करोड़ों डकारने वाली मोटी मछलियों को छोड़ने वाले नहीं हैं। श्रमिकों के कल्याण के लिए गठित बोर्ड द्वारा चलाई जाने वाली सारी स्कीमों और उन स्कीमों के तहत खर्च होने वाले एक-एक पैसे का हिसाब लेने की तैयारी में हैं।

मंत्री विज ने राज्य के काफी जिलों में अपने कार्यकर्ताओं व पार्टी के पदाधिकारियों से लंबी चर्चा कर पूरे मामले में ब्योरा एकत्र किया है। जिसके बाद में श्रमिकों के नाम पर होने वाले खेल के बारे में उन्हें पूरी जानकारी हो गई है।

#### सीएम ने भी करवाई थी डीसी से जांच

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी पूरे मामले में गंभीरता दिखाते हुए जांच कमेटी गठित की थी। पूरे मामले की पड़ताल के बाद यह साफ हुआ था कि 1500 करोड़ से अधिक की राशि का खेल हो गया। मंत्री ने खुद राज्य के विभिन्न जिलों से डीसी की अध्यक्षता में जांच कराई थी, जिसमें 90 फीसदी से अधिक वर्क स्लिप फर्जी पाई गई हैं। कई जिलों में तो 97 फीसदी तक गड़बड़ी मिली थी। उपायुक्तों की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हो चुके हैं। कई जिलों में 87.6% से 97 फीसदी तक वर्क स्लिप फर्जी पाई गई हैं। ये स्लिप 90 दिन के काम का प्रमाण होती हैं, जिस पर योजनाओं का लाभ मिलता है। जनवरी में मुख्यमंत्री ने हाई लेवल कमेटी गठित की थी। जिला स्तर पर डीसी की अगुवाई में टीमों ने पिछले दो साल के रिकॉर्ड का भौतिक सत्यापन किया।

#### पात्र श्रमिकों को राहत आईडी होगी सक्रिय

मंत्री ने गत दिवस साफ कर दिया है कि पात्र श्रमिकों को कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। उनकी आईडी दोबारा सक्रिय करने के लिए पोर्टल खोलने की तैयारी है। मजदूरों को आपत्ति दर्ज कराने का मौका मिलेगा और पूरी रिपोर्ट की समीक्षा उच्चस्तरीय कमेटी कर रही है।

#### श्रमिकों का हक खाने वालों पर कानूनी कार्रवाई के साथ वसूली भी होगी : विज



सूबे में श्रमिकों के कल्याण के लिए गठित श्रमिक कल्याण बोर्ड के गठन अर्थात 2008 से रिकॉर्ड खंगालने के बारे में मंत्री द्वारा लिख दिए जाने के बाद से इस खेल में मोटा माल कमाने वालों की नींद हराम हो गई है। श्रम मंत्री अनिल विज ने पूछे जाने पर कहा कि हम पात्र श्रमिकों के हकों का पैसा अंत्योदय की भावना से उन तक पहुंचाने का संकल्प लिए हुए हैं, अगर कुछ लोगों ने उनके हकों का पैसा हेराफेरी कर हड़प लिया है तो कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ वसूली भी होगी। मैंने आदेश कर दिए हैं कि बोर्ड में वर्क स्लिप यानी 90 दिन कार्य रसीद से जुड़ी अनियमितताओं की जांच में जिन श्रमिकों की वर्क स्लिप सही मिली हैं, उनकी आइडी जल्द एक्टिव कर दी जाए और वैध वर्क स्लिप वाले श्रमिकों को नया पंजीकरण कराना होगा।

---

चीन से कच्चा माल मंगवा शुगर की नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी

# दवा लेने पर भी डायबिटीज नहीं घट रही कहीं आपका इंजेक्शन नकली तो नहीं!

- इटली की कंपनी बनाती है यह वजन व शुगर घटाने वाला इंजेक्शन
- रविवार को गाड़ी से 70 लाख रुपये के इंजेक्शन बरामद होने पर फैक्ट्री तक पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



गुरुग्राम। नकली दवा बनाने का आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

आप वजन घटाने के लिए या डायबिटीज पर कंट्रोल करने के लिए दवा ले रहे हैं, लेकिन असर नहीं हो रहा तो एक बार अपना इंजेक्शन चेक करवा लीजिये। गुरुग्राम की एक सोसाइटी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर नकली इंजेक्शन बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। आरोपी चीन से रॉ ड्रग्स मंगाकर यहां इटली की एक कंपनी की दवा मौनजारो-तिर्जेपाटाइड के नकली इंजेक्शन बना रहा था। टीम ने मौके से एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। इस इंजेक्शन का इस्तेमाल वजन घटाने और डायबिटीज के इलाज में किया जाता है। रविवार को टीम ने डीएलएफ फेज-4 में एक गाड़ी से 70 लाख रुपये के इंजेक्शन बरामद किए थे। इसी मामले में जांच करते हुए टीम सोमवार को सेक्टर-62 की सोसाइटी पिवटल पैराडाइज में पहुंची। यहां रॉ ड्रग्स में पानी मिलाकर इंजेक्शन तैयार किया जा रहा था। इसके बाद बारकोड, लैबलिंग और पैकेजिंग का पूरा काम भी इसी फ्लैट में होता। टीम को पैकेजिंग मशीनें भी बरामद हुई हैं।

#### लीवर की गंभीर बीमारी हो सकती है

कई बॉलीवुड स्टार समेत आम लोग भी मोटापा कम करने के लिए इस इंजेक्शन का इस्तेमाल करने लगे थे। इसी बढ़ती मांग का फायदा उठाकर आरोपियों ने नकली इंजेक्शन बाजार में उतार दिया। इन नकली इंजेक्शन के इस्तेमाल से एलर्जी और चेहरे पर सूजन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लंबे समय में लीवर की गंभीर बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं। ऐसी दवा बिना डॉक्टर की सलाह के इस्तेमाल करना बेहद खतरनाक है।

#### पूरे देश में इंजेक्शन को लेकर अलर्ट जारी

ड्रग कंट्रोल अधिकारी अमनदीप चौहान ने बताया कि यह इंजेक्शन इटली से आता है। आमतौर पर यह शुगर की बीमारी में लगाया जाता है, लेकिन डॉक्टरों की सलाह पर इसे वजन घटाने के लिए भी लिया जाता है। आरोपी अवि गुरुग्राम का निवासी है। आरोपी फ्लैट में ही इन इंजेक्शनों को तैयार कर रहे थे। लैबलिंग में थोड़ा अंतर है, लेकिन आम नागरिक असली और नकली का फर्क नहीं कर पाएगा। पूरे भारत में इस कंपनी के इंजेक्शनों को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही बैच नंबर भी साझा किए गए हैं ताकि स्वास्थ्य विभाग की टीमें सतर्क रहें और नकली इंजेक्शनों को पकड़ सकें। पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि नकली इंजेक्शन कहां-कहां सप्लाई किए गए और इस रैकेट में कितने लोग शामिल हैं।

---

# सिविल अस्पताल के आईसीयू में मृत मिली नर्सिंग ऑफिसर

## दवा ओवरडोज से मौत की आशंका

- हाथ में लगा हुआ था कैनुला, मोबाइल नहीं मिलने से रहस्य गहराया, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला



पंचकूला के सरकारी अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर प्रीति बैनीवाल रविवार रात को आईसीयू में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली। जब दूसरी शिफ्ट के कर्मचारी ड्यूटी पर आए तो उन्हें वह फर्श पर गिरी हुई मिली। नर्सिंग ऑफिसर प्रीति बैनीवाल के हाथ में कैनुला लगा था। नाक से कुछ खून भी आया हुआ था। जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि ओवरडोज इंजेक्शन की वजह से उसकी मौत हो गई। परिवार का कहना है कि वह पेट दर्द से पीड़ित रहती थी। अब यह जांच का विषय है कि उसने खुद इंजेक्शन लिया या फिर दिया गया। मौत से आधे घंटे पहले तक उसे मोबाइल में बिजी देखा गया था, लेकिन मौत के बाद एकाएक उसका मोबाइल गायब हो गया। उस मोबाइल के मिलने पर भी कई राज से पर्दा उठ सकता है।

प्रीति बैनीवाल मूलरूप से हिसार के जुगलान गांव की निवासी थी। फिलहाल वह परिवार के साथ पंचकूला के सेक्टर-31 में रहती थी। प्रीति बैनीवाल की जॉब साल 2024 में पंचकूला सिविल अस्पताल में लगी थी।

#### सरकार नौकरी में है पूरा परिवार

बताया जा रहा है कि प्रीति का भाई नितिन हेल्थ विभाग मुख्यालय पंचकूला में ही कार्यरत है। वहीं उसका एक भाई आशीष चुनाव आयोग में है। प्रीति की भाभी पंचायत विभाग में सचिव के पद पर है। प्रीति दोपहर 2 बजे घर से ड्यूटी के लिए आई थी। रात करीब 8 बजे उसकी शिफ्ट खत्म होनी थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची।

---

11 साल पहले की लव मैरिज का दुखद अंत

# शराब पीने से रोका तो पत्नी की हत्या कर फंदा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पति को शराब पीने से रोकने व टोकने पर युवक ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी फांसी लगा ली। दोनों के शव किराए के घर में मिले। इनका बेटा दूसरे कमरे में खेल रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और दोनों शव कब्जे में लेकर अस्पताल में भिजवा दिए।

मृतक की पहचान राजस्थान मे अलवर निवासी दीपक (33) और उसकी पत्नी सोनम बाई (28) के तौर पर हुई है। दोनों गुरुग्राम के सेक्टर-9 में किराए के घर में रहते थे। दीपक टैक्सी चलाता था, जबकि सोनम टाटा कंपनी में लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों ने 11 साल पहले लव मैरिज की थी। दीपक और सोनम का एक 6 साल का बेटा भी है।

रविवार को तीनों घर पर ही थे। दीपक और सोनम एक कमरे में झगड़ रहे थे, जबकि इनका बेटा दूसरे कमरे में खेल रहा था। काफी देर बाद जब वह अपने मम्मी-पापा के कमरे में गया तो पिता ने फांसी लगाई हुई तो उसकी मां बेसुध पड़ी थी। बेटे ने तुरंत इसकी सूचना पड़ोसी को दी, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बेटे ने बताया कि 3 दिन पहले ही पिता गुरुग्राम आए थे। सोनम के पिता रामप्रसाद ने बताया कि एक महीने पहले भी दीपक ने अपनी पत्नी का गला दबाकर उससे मारपीट की थी। वह अक्सर उससे मारपीट करता था।

# खेत के रास्ते को लेकर विवाद में गोली मारकर हत्या

- कैथल में पुलिस ने पिता-पुत्री समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर एक को पकड़ा।
- पीड़ित पक्ष ने खेत में तूड़ी बनाने का लिया था ठेका, ट्रैक्टर रोकने पर भतीजे ने चाचा को मौके पर बुलाया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



मृतक गुरविंदर सिंह।

कैथल जिले के गांव स्यों माजरा में खेत के रास्ते को लेकर हुई मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान चली गोलियों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा बाल-बाल बच गया। मृतक की पहचान स्यों माजरा गांव निवासी गुरविंदर सिंह के रूप में हुई है।

स्यों माजरा निवासी सतनाम सिंह ने बताया कि उसके पिता की साल 2010 में मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद वह अपने चाचा गुरविंदर सिंह के साथ ही रहता था। उसने बताया कि उन्होंने गांव के गुरदास उर्फ दासु के खेत में तूड़ी बनाने का काम लिया हुआ था। 19 अप्रैल की रात करीब 11 बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में तूड़ी लेने के लिए रजवाहे की पटरी से होकर खेत जा रहा था। जब वह प्रताप गिल के डेरे के पास पहुंचा तो प्रताप गिल, उसकी बेटी मन्नत गिल और उसका नौकर काला वहां आ गए और ट्रैक्टर को रोक लिया। उन्होंने रास्ते को निजी बताते हुए आगे जाने से मना कर दिया। उसने एक बार ट्रैक्टर निकालने की बात कही, लेकिन प्रताप गिल डंडा लेकर ट्रैक्टर के आगे खड़ा हो गया। इसके बाद उसने अपने चाचा गुरविंदर सिंह को फोन किया और वे मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि इसके बाद प्रताप गिल ने गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडे से हमला करने लगा। इसी दौरान उसने पास रखी अपनी राइफल उठाई और उस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया, लेकिन वह बच गया। जब चाचा गुरविंदर सिंह ने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने सीधे उनकी छाती में गोली मार दी। गोली लगते ही गुरविंदर सिंह मौके पर गिर पड़े। आरोपी मौके से फरार हो गया।

परिजन घायल को तुरंत निजी वाहन से सीएचसी गुहला लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुहला थाना एसएचओ सनेष कुमार ने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में पिता-पुत्री सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

#### मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

गुहला के डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस घटना के बाद आरोपी प्रताप सिंह को गांव रामथली के पास से काबू किया है। उसे जांच में शामिल किया गया है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### शराबी पिता ने बेटी को धमकी देकर कई बार किया दुराचार

**पानीपत।** पानीपत के एक गांव में शराब पीने के आदी पिता ने अपनी बेटी को हत्या का भय दिखाकर उसके साथ एक साल तक दुष्कर्म किया। आरोपी से परेशान होकर व लोकलाज के चलते मां-बेटियां नाना के घर रहने लगी। आरोपी वहां भी पहुंच गया और बड़ी बेटी के साथ दुष्कर्म करता रहा।

वहीं आरोपी, अपनी पत्नी व दो और बेटियों के साथ मारपीट करता और उन्हें अपशब्द कह कर बेइज्जत करता। इधर, पिता के जुल्मों से तंग लड़की ने इसराना थाना पुलिस से आरोपी की शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पीड़ित लड़की ने पिता की शिकायत सीएम विंडो, डीजीपी, आईजी व एसपी पानीपत को भी पत्र लिखकर की है।

---

# ट्रक ने दंपति व बेटे को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले के आईएमटी क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब परिवार के सदस्य पैदल ऑटो स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आए एक कंटेनर ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान काशीराम (44), उनकी पत्नी अंगूरी (39) और उनके 16 वर्षीय बेटे विशाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि यह परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले का रहने वाला था। फिलहाल यह परिवार फरीदाबाद के आईएमटी क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था और ईंट-भट्टों पर मजदूरी करके अपना गुजारा चला रहा था। मृतक काशीराम के साले घनश्याम ने बताया कि काशीराम अपनी पत्नी और बेटे के साथ अपने गांव जाने के लिए निकले थे।


### पंचकूला पुलिस ने 110 दिनों में हेलमेट न पहनने वालों के 5809 चालान काटे

**चंडीगढ़।** पंचकूला में सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस की सख्ती जारी है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जारी "ऑपरेशन सेफ्टी" के तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पंचकूला पुलिस ने 1 जनवरी से 19 अप्रैल तक बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले कुल 5809 दोपहिया वाहन चालकों के चालान काट चुकी है। यह कार्रवाई केवल पारंपरिक नाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑनलाइन भी किए जा रहे हैं।

# बाबा साहेब के अपमान पर भाजपा सरकार चुप : ढांडा

- कहा-कलानौर में 9 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा को तोड़ने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/ चंडीगढ़



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान पर सरकार की चुप्पी उसकी मानसिकता को उजागर कर रही है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि कलानौर के खैरडी में 9 अप्रैल को बाबा साहेब की प्रतिमा को तोड़कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रची गई, लेकिन दो हफ्ते बीत जाने के बावजूद अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि साफ संकेत है कि या तो पुलिस नाकाम है या फिर सरकार की मूक सहमति से यह सब हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री नायब सिंह की नजरों में बाबा साहेब का सम्मान यही है? वोट लेने के लिए मंचों पर बड़े-बड़े भाषण और जयंती पर दिखावटी कार्यक्रम करना आसान है, लेकिन जब असल में उनके सम्मान की रक्षा करनी होती है, तब भाजपा सरकार और उसके नेता खामोशी ओढ़ लेते हैं। अनुराग ढांडा ने कहा कि यह सिर्फ एक मूर्ति का मामला नहीं, बल्कि देश की आत्मा और करोड़ों लोगों की भावनाओं पर हमला है। ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी बाबा साहेब के सम्मान के मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी। यदि तुरंत दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को पूरे देश में उठाकर भाजपा सरकार के असली चेहरे को बेनकाब करेगी। उन्होंने अंत में कहा कि यह सिर्फ राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि सम्मान और संविधान की रक्षा का सवाल है और इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती से खड़ी है।

---

सख्ती — सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को मुफ्त बांटे गए थे टैबलेट, 500 नहीं आए वापस

# टैबलेट नहीं लौटाया तो रोका जा सकता है 12वीं का रिजल्ट

- 12वीं की परीक्षा के बाद सभी विद्यार्थियों को लौटाने होते हैं टैबलेट, अब गुम व चोरी होने की आ रही सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में ई-अधिगम योजना के तहत विद्यार्थियों को दिए गए टैबलेट वापस नहीं लौटा रहे बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का रिजल्ट रोकने की तैयारी है। बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के बावजूद प्रदेश भर में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने अभी तक टैबलेट स्कूल में जमा नहीं कराए हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इस बारे में चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि ऐसे विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रोका जा सकता है। बताया जा रहा है कि इन 500 टैबलेट में कुछ तो चोरी हो चुके हैं या कुछ गुम हो चुके हैं। ऐसे में जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

सरकार ने सरकारी स्कूलों में दसवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए हुए हैं, ताकि उन्हें बेहतर तरीके से पढ़ाई कराई जा सके। बारहवीं के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद इन्हें स्कूल में वापस जमा कराना अनिवार्य है। टैबलेट नहीं लौटाने वाले छात्रों को चेतावनी दी गई है कि वे तुरंत इसे वापस करें। अन्यथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड को रिपोर्ट भेजकर उनका वार्षिक परीक्षा का परिणाम रुकवाया जा सकता है।

उधर, मौलिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे संबंधित गैस एजेंसियों से समन्वय कर यथाशीघ्र सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। गैस उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में विद्यार्थियों के भोजन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। गैस सिलेंडर की कमी को देखते हुए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने यह भी निर्देश जारी किए हैं कि गैस सिलेंडर नहीं मिल पाने की स्थिति में लकड़ियों का इस्तेमाल कर चूल्हे पर मिड-डे मील तैयार कराया जाए।

#### 2022 में मनोहरलाल खट्टर ने शुरू करवाई थी योजना



बता दें कि 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शिक्षा विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना को शुरू किया था। इसके तहत शुरुआत में दसवीं और 12वीं कक्षा के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को करीब तीन लाख टैबलेट बांटे गए। यह उपकरण 'पर्सनलाइज्ड और अडैप्टिव लर्निंग सॉफ्टवेयर' के साथ "प्री-लोडेड कंटेंट" और दो जीबी मुफ्त डेटा के साथ आते हैं। हालांकि इस टैबलेट का दुरुपयोग करने के भी कई मामले सामने आए, जिन पर सख्ती बरती गई।

# कोयला ट्रेडिंग के लिए मिलेगा नया डिजिटल प्लेटफॉर्म, सेबी ने दी मंजूरी

## कोल एक्सचेंज बनाएगी एमसीएक्स, 100 करोड़ रुपए होगा शुरूआती निवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभी तक देश में दो एक्सचेंज थे, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)। लेकिन, जल्द ही एक और एक्सचेंज खुलने वाला है, जिसे बाजार नियामक सेबी से हरी झंडी भी मिल चुकी है। कॉरपोरेट मंत्रालय ने पहले ही इस एक्सचेंज के लिए अनुमति दे दी थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि सेबी ने उसकी अनुषंगी इकाई कोयला एक्सचेंज कंपनी में निवेश करने की मंजूरी दे दी है। उसे 17 अप्रैल को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) से निवेश की मंजूरी मिली है।

### कोयले की खरीद होगी पारदर्शी

एमसीएक्स की यह नई इकाई बाजार-आधारित कीमतों पर कोयले की डिलिवरी के लिए एक पारदर्शी, मानकीकृत डिजिटल मंच प्रदान करेगी और निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भारतीय कोयला नियंत्रक संगठन को आवेदन प्रस्तुत करेगी। यह कदम एमसीएक्स के मौजूदा ऊर्जा डेरिवेटिव कारोबार को और मजबूत करता है, जिसमें कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस पर अनुबंध और पिछले साल शुरू किया गया बिजली वायदा अनुबंध शामिल है।




### आम आदमी को भी होगा फायदा

एमसीएक्स के अनुसार, कोयला एक्सचेंज का उद्देश्य एक विनियमित, प्रौद्योगिकी-आधारित बाजार बनाना है जो ईंधन के लिए कुशल मूल्य निर्धारण को सक्षम बनाएगा। यह भारत के बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस एक्सचेंज के बाद कोयले की आपूर्ति आसान हो जाएगी और आम आदमी को भी इसका फायदा होगा। कोयले की कम कीमत पर सप्लाई और पहुंच होने से बिजली उत्पादन सस्ता होगा और जनता को भी कम कीमत पर बिजली मिल सकेगी। साथ ही उत्पादन बेहतर होने से कटौती भी कम होगी।

# श्याम स्टील का महाराष्ट्र में स्टील प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू



**मुंबई।** कोलकाता स्थित श्याम स्टील ने महाराष्ट्र सरकार के साथ चंद्रपुर जिले में एक बड़े पैमाने के विनिर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह परियोजना रू. 10,115 करोड़ के महत्वपूर्ण निवेश से जुड़ी है, जो राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बड़ा प्रोत्साहन देगी। प्रस्तावित संयंत्र से 8,000 से अधिक रोजगार अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास और आजीविका सृजन में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस एमओयू पर महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की गरिमामयी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जो राज्य सरकार की उच्च मूल्य वाले औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। यह रणनीतिक निवेश महाराष्ट्र को औद्योगिक विकास के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करता है और भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में योगदान देते हुए श्याम स्टील की विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चंद्रपुर में प्रस्तावित यह संयंत्र स्टील विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा, अवसंरचना विकास को गति देगा और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। इस अवसर पर डॉ. पी. अनबलगन, प्रधान सचिव (उद्योग, निवेश एवं सेवाएं), पुरुषोत्तम बड़िवाला, निदेशक, श्याम स्टील, सिद्धार्थ बड़िवाला, निदेशक, श्याम स्टील, दीपक चौधरी, अध्यक्ष यू.के. राणा, सीईओ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में कहा

# पश्चिम एशिया संकट से भारत के व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम: नीति रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नीति आयोग ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़ने और विनिमय दर पर दबाव पड़ने से भारत की व्यापार और वृहद आर्थिक स्थिरता को जोखिम है। आयोग ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के लिए 'ट्रेड वॉच' रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में अस्थिरता ने भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति को धीमा कर दिया है। इससे व्यापार विविधीकरण और बाजार पहुंच प्रभावित हुई है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, ''यह स्पष्ट होना चाहिए कि एफटीए एकतरफा नहीं होते और न ही होने चाहिए। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस तरह हम इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देख रहे हैं, उसी तरह अन्य लोग भी इन्हें बाजार पहुंच के साधन के रूप में देखते हैं।'' बेरी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारत का वस्तु व्यापार मजबूत बना हुआ है और तमाम आशंकाओं के बावजूद, 2025 जैसे बेहद अनिश्चित वर्ष में भी सेवा व्यापार विशेष रूप से मजबूत रहा है। उन्होंने कहा, ''व्यापार अर्थशास्त्रियों के लिए, निर्यात की तुलना में आयात कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।''

### विनिमय दर पर दबाव पड़ने से आर्थिक अस्थिरता



### पूंजी की लागत को कम करने का दिया सुझाव

रिपोर्ट में वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और पूंजी की लागत को कम करने का भी सुझाव दिया गया है। इसके तहत एमएसएमई के लिए बिना गारंटी कर्ज, क्रेडिट गारंटी, ब्याज सब्सिडी और आपूर्ति श्रृंखला वित्त का सुझाव दिया गया है। इसमें कारोबार सुगमता और डेटा प्रणाली में सुधार करने की भी बात कही गयी है।

### अलग आंकड़े तैयार किए जाने चाहिए

इसके तहत सीमा शुल्क/डीजीएफटी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, पुनर्आयात/निर्यात प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और साक्ष्य-आधारित नीति और निगरानी के लिए अलग-अलग रत्न एवं आभूषण आंकड़े तैयार किये जाने चाहिए।

### आयात हमें प्रतिस्पर्धी बनने बाध्य करते हैं

बेरी ने कहा, ''आयात ही हमें प्रतिस्पर्धी बनने के लिए बाध्य करते हैं, इसलिए हमें बाजार पहुंच के साथ-साथ आयात का भी स्वागत करना चाहिए।'' नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा पिछले 20 साल में भारत ने औसतन छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो इसकी वृहद आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है।

### जीआई ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को मध्यम मूल्य से उच्च मूल्य के निर्यात की ओर बढ़ना चाहिए। डिजाइन-आधारित विनिर्माण, संकुल अनुसंधान एवं विकास और हल्के, फैशन और पुरुषों के आभूषणों को लक्षित करते हुए भौगोलिक संकेतक (जीआई)-ब्रांड वाले उत्पादों को बढ़ावा देना चाहिए।

### कारोबार सुगमता को मजबूत करना होगा

रिपोर्ट के अनुसार, ''भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को कारोबार सुगमता और कच्चे माल की उपलब्धता को मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप मजबूत करना चाहिए, शुल्क वापसी/ रिफंड को सुव्यवस्थित करना और कच्चे माल की आपूर्ति में सुधार करना चाहिए ताकि कच्चे माल की लागत कम हो और एमएसएमई का लाभ बढ़े।''

## चांदी 4,300 रुपये चढ़ी और सोना 800 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों और स्टॉकिस्ट की तरफ से ताजा खरीदारी आने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 4,300 रुपये चढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलो हो गई जबकि सोना 800 रुपये की तेजी के साथ 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 4,300 रुपये उछलकर 2,57,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार को 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, वैश्विक बाजार में रुख नरम रहा। हाजिर चांदी 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

रेट यूनिट : वार्षिक लाइसेंस फीस

| | |
|---|---|
| Lot No. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 |
| Auction Catalogue No. | UMB-Mix-18-2026 |
| Details | जनरल माइनर यूनिट (खानपान) (जीएमयू) (आकार 10'X6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या–1, रामपुरा फूल रेलवे स्टेशन (PUL) |
| Auction start date & time | 27.04.2026 at 12:00 hrs. |
| Auction close date & time | 27.04.2026 at 12:30 hrs. |

नोटः ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

1299/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेल्वे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेल्वे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Mix-18-2026 | गिद्दड़बाहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 522.38 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले एक व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। (साइट प्लान के अनुसार) | 27.04.2026 12:00:00 |
| | अबोहर रेलवे स्टेशन पर 1116.55 वर्ग मीटर कुल क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। | |
| UMB-Mix-19-2026 | साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन भवन के पास सर्कुलेटिंग एरिया में 507 वर्ग मीटर का एक बड़ा पार्किंग लॉट और रामपुरा फूल (PUL) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर कुल 386.82 वर्ग मीटर का दोपहिया वाहन पार्किंग लॉट। | 02.05.2026 12:00:00 |
| | सहारनपुर में T2 कॉलोनी पार्क के पास, कुल 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक विस्तृत पार्किंग स्थल। | |
| | तपा रेलवे स्टेशन के परिसर में स्थित 344.40 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (मुख्य तरफ) पर कुल 3383.5 वर्ग मीटर (1129.02 वर्ग मीटर + 2254.48 वर्ग मीटर) | |
| | क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1302/26


# पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अवसंरचना और ट्रैक आधुनिकीकरण में उपलब्धियां हासिल की




**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ट्रैक आधुनिकीकरण, रखरखाव तथा सुरक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं, जिससे अपने इतिहास में कई नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। ये उपलब्धियाँ पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की परिचालन दक्षता, यात्री सुरक्षा तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की विश्वसनीयता को और बेहतर बनाने के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। एक प्रमुख तकनीकी उपलब्धि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान फ्लैश बट वेल्ड्स की जांच के लिए फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (पीएयूटी) को शुरू किए जाने के साथ हासिल किया गया। इस पहल पर आगे बढ़ते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 53,544 वेल्ड का परीक्षण किया गया, जिससे उन्नत निरीक्षण तकनीकों के माध्यम से ट्रैक सुरक्षा तथा विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में 'सोलिस्टा 2026' का भव्य आयोजन




**गुरुग्राम।** के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'सोलिस्टा 2026' का आयोजन अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवप्रवेशित विद्यार्थियों (फ्रेशर्स) के स्वागत हेतु आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंजाबी गायिका जैसमिन की लाइव प्रस्तुति रही। उनकी ऊर्जावान परफॉर्मेंस ने पूरे वातावरण को संगीत और उत्साह से सराबोर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भरपूर आनंद लिया और पूरे परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। इसके अतिरिक्त, डीजे श्रेया ने अपने सशक्त संगीत से कार्यक्रम में और अधिक ऊर्जा का संचार किया। उनके प्रस्तुत किए गए ट्रैक्स पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया, जिससे कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। 'सोलिस्टा 2026' ने विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समृद्धि, सहभागिता और आपसी समन्वय की भावना को सुदृढ़ किया। इस सफल आयोजन ने एक बार पुनः यह सिद्ध किया कि के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## रुपया 19 पैसे कमजोर होकर 93.10 प्रति डॉलर

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने के बीच अमेरिकी डॉलर की मांग में तेजी और कच्चे तेल में मजबूती रहने से सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर 19 पैसे टूटकर 93.10 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर गतिरोध बने रहने से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हुई है और ईरान एवं अमेरिका के बीच ताजा टकराव के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 92.73 पर खुला।

## ईरान-अमेरिका तनाव से फिर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, 96.25 डॉलर प्रति बैरल

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। 'शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज' में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।


**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**

IN THE COURT OF MS SUKHVEER KAUR
CIVIL JUDGE (JUNIOR DIVISION), HISAR

BANK OF MAHARASHTRA, BRANCH AT HISAR THROUGH SH MANJEET KUMAR AUTHORIZED PERSON MANJEET KUMAR, BRANCH MANAGER, PRINCIPAL OFFICER AND DULY AUTHORIZED PERSON OF THE PLAINTIFF BANK

VS.

RAJ SINGH, HOUSE NO.98, VPO RASALPUR TEH KANINA DISTT MAHENDERGARH SECOND ADDRESS- HOUSE NO. 3239/GF, HOUSING BOARD COLONY, SECTOR 1-4, HISAR

CNR No. HRHS02-001622-2025
Next Date:- 27-04-2026

Suit for recovery of Rs. 4,03,888/-

PUBLICATION ISSUED TO :-
Hari Bhoomi, Rohtak
:- Rohtak

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-04-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district=Hisar

Sd/-
Civil Judge (Junior Division), Hisar
Dated, this day of of 26-02-2026



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**


वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | LHB AC कोचों में पुराने स्विच बोर्ड कैबिनेट दरवाजों का प्रतिस्थापन | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 14.05.2026 प्रातः 11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 18.04.2026 12:04 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू 66,41,935.50/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू 1,32,800/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 12 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 30.04.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 14.05.2026 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56/W/Elect/25-26/T/24/SBC दरवाज़े

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1295/26


## शब्द पहेली - 6202




**बाएँ से दाए**


1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -6201 का हल





## सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत

**23 अप्रैल को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में होगा विस चुनाव**

# 'झालमुरी' खाई पीएम ने ममता को लगी 'मिर्ची'

### बंगाल की सीएम बोलीं यह सिर्फ 'नाटक' है

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान और तेज कर दिया। बंगाल में मछली, मटन के बाद अब झालमुड़ी चुनावी चर्चा का विषय बन गई है। बंगाल में प्रधानमंत्री मोदी के झालमुड़ी खरीदने के वाकये पर सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे नाटक बताया और कहा कि यह पूरा घटनाक्रम पहले से तय था।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अचानक झालमुरी खरीदने के लिए रुकना नाटक था। ममता की यह टिप्पणी मोदी के झाड़ग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान बिना तय कार्यक्रम के एक जगह रुककर झालमुरी खरीदने के एक दिन बाद आई है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बीरभूम जिले के मुरारई विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करने के दौरान प्रधानमंत्री का नाम लिए बगैर कहा कि यह सब नाटक है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री पूर्व में तय कार्यक्रम के बिना अचानक रुके, उस समय वहां कैमरा कैसे मौजूद था? पूरा वाकया पहले से तय था। उन्हें जेब में 10 रुपये का नोट लिए देखा गया। क्या इस पर विश्वास किया जा सकता है?

**मोदी का झालमुड़ी खाते हुए वीडियो खूब वायरल**

पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी का झालमुड़ी खाते हुए वीडियो खूब वायरल हो रहा है। झारग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने अचानक एक दुकान पर रुककर झालमुड़ी का आनंद लिया। इंस्टाग्राम पर वीडियो को 100 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं।





### दुकानदार को मलाल : पीएम मोदी का नहीं ले पाया ऑटोग्राफ

मोदी ने जिस दुकानदार की दुकान से झालमुरी खाई वो बिहार के गया का रहने वाला है। उसका नाम विक्रम साहो है। उसने न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में पीएम के साथ हुई बातचीत को साझा किया। उसने बताया कि मोदी ने उससे उसके बारे में पूछा। उन्होंने पीएम मोदी को बताया कि वो 9वीं पास है। परिवार की आर्थिक तंगी के चलते वो पढ़ाई नहीं कर पाया। दुकानदार विक्रम ने बताया कि उन्होंने एक बात का मलाल है कि वो पीएम मोदी का ऑटोग्राफ नहीं पाया है। उसने बताया कि पीएम ने उनसे राजनीति से जुड़ी कोई बात नहीं की।

## पश्चिम बंगाल में प्रवासी सत्ता परिवर्तन के पक्ष में: भाजपा

**कोलकाता (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दावा किया कि बंगाली प्रवासी राज्य में सत्ता परिवर्तन के पक्ष में हैं और उन्होंने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस निवेश-अनुकूल माहौल बनाने में ''नाकाम'' रही है, जिसके कारण ही 'कंपनियों का राज्य से पलायन हुआ है'। उन्होंने कहा कि



अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे देशों में काम करने वाले बंगाली भाजपा का समर्थन कर रहे हैं और उनका मानना है कि ''पश्चिम बंगाल के लिए बदलाव जरूरी हो गया है।'' 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा' के सदस्य भी ऑनलाइन माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में शामिल हुए। अमेरिका से संगठन के एक सदस्य ने कहा कि विदेशों में कार्यरत बंगाली राज्य से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं और इसके विकास में योगदान देना चाहते हैं। उनमें से कई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने और नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र जैसे राज्य अरबों डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करते हैं।

*तमिलनाडु में राहुल ने रैली में साधा निशाना*

## अन्नाद्रमुक के नेतृत्व ने भाजपा के सामने आत्मसमर्पण किया

- कांग्रेस नेता–बोले भाजपा ने मणिपुर को 'आग में झोंका', कांग्रेस नफरत नहीं फैलाने देगी
- कसा तंज : ट्रंप के फरमान का पालन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ईरान युद्ध से पहले इजराइल गए

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को एआईएडीएमके नेतृत्व पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पार्टी ने भ्रष्टाचार के कारण भाजपा के सामने 'आत्मसमर्पण' कर दिया है और



अब तमिलनाडु में राष्ट्रीय पार्टी के विस्तार के लिए एक माध्यम के रूप में काम कर रही है। 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कन्याकुमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली एआईएडीएमके अब स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर रही है। उधर राहुल ने तूतुकुडी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फरमान का पालन करते हुए ईरान युद्ध शुरू होने से पहले इजराइल का दौरा किया था।

### भाजपा ने आप के सभी अच्छे कार्य रोके, तमिलनाडु को राजग को वोट देने पर पछतावा होगा: केजरीवाल

चेन्नई(भाषा) आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर तमिलनाडु के लोगों ने 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दिया तो उन्हें 'पछतावा' होगा। केजरीवाल ने कहा कि इस राज्य का भी वही हाल होगा जो दिल्ली का हुआ, जहां भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) के सभी अच्छे कामों को रोक दिया। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के साथ एक रोडशो को संबोधित करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि तमिलनाडु भाजपा को नहीं चाहता।

## राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का अंतिम अवसर

**योगी का चुनावी रैली में लोगों से आह्वान**

### बंगाल एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा

एजेंसी ▶▶| पिंगला (पश्चिम बंगाल)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का अंतिम अवसर बताया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के वर्षों के कुशासन के कारण गिरावट आई है।'' योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला में एक चुनावी रैली में कहा कि यह महज एक सामान्य चुनाव नहीं है। बंगाल एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। दिशा बदलने और विकास को वापस पटरी पर लाने का यह आखिरी मौका है। उत्तर प्रदेश और बंगाल की तुलना करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से पहले उनके राज्य में भी स्थिति कुछ ऐसी ही थी। उन्होंने कहा कि हालांकि, तब से कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है।₹ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह का मॉडल बंगाल को भी बदल सकता है। उन्होंने चुनाव को बंगाल के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण समय के तौर पर प्रस्तुत किया।

### बंगाल में मतदाताओं से जुड़ी याचिका पर न्यायालय ने कहा: 'अनुमानों के आधार पर जांच नहीं करा सकते'

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पांच से सात लाख मतदाताओं के नाम जोड़े जाने का उल्लेख किए जाने पर सोमवार को कहा, ₹हम अनुमानों के आधार पर जांच नहीं करा सकते।₹ वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। गुरुस्वामी ने मीडिया में आईं खबरों का हवाला देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में फॉर्म-6 का उपयोग करके पांच से सात लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं। पहली बार किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ने या फिर किसी मतदाता का नाम एक निर्वाचन क्षेत्र से दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थानातंरित करने के लिए फॉर्म-6 का उपयोग किया जाता है।

## मोदी ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का गला घोंट दिया

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का तंज**

### विपक्ष परिसीमन विधेयक के खिलाफ था

भाषा ▶▶| कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही 2029 से विधायिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक का गला घोंट दिया₹, जबकि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के व्यापक प्रचार कार्यक्रम पर तंज कसते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी राज्य के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। लोस में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा विधेयक खारिज होने पर प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर भ्रूण हत्या का आरोप लगाए जाने पर खरगे ने कहा, आपने (मोदी ने) महिला आरक्षण विधेयक का गला घोंट दिया; हमने परिसीमन विधेयक के खिलाफ लड़ाई लड़ी, न कि महिला आरक्षण के खिलाफ। खरगे ने कूचबिहार में चुनावी रैली में जमकर विपक्ष पर बरसे।

### महिला आरक्षण संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर कांग्रेस और द्रमुक माफी मागें : नायडू



**कोयंबटूर (तमिलनाडु) (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने द्रमुक और कांग्रेस से लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने देने के लिए माफी की मांग करते हुए कहा कि मोदी द्वारा कोटा लागू करने का कदम ''देश के लिए सबसे प्रगतिशील निर्णयों में से एक'' है। तमिलनाडु में यहां रैली को संबोधित करते हुए, नायडू ने कांग्रेस-द्रमुक का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ पार्टियां सुधारों की हमेशा से विरोधी रही हैं और राज्य की जनता को उन्हें हराना चाहिए। द्रमुक पर निशाना साधते हुए, तेदेपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि राज्य में स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र के सहयोग का लाभ उठाने में विफल रही है।

**खबर संक्षेप**

### जेएनयू में कर्मचारियों के बच्चों का कोटा 5% बढ़ाया

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने आने वाले शैक्षणिक सत्र से अपने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। विश्वविद्यालय ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 5 प्रतिशत अतिरिक्त सीटों का आरक्षण लागू करने को मंजूरी दे दी है।



### बिहार में अपराधियों की मौज : तेजस्वी यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पटना के रामकृष्ण नगर इलाके में एक आभूषण की दुकान में हुई लूट की घटना को लेकर सोमवार को राज्य की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर तंज कसा। बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही अपराधियों की मौज आ गई है। तेजस्वी यादव ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा।

### दिल्ली उच्च न्यायालय के वकील ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कनॉट प्लेस इलाके में स्थित एक होटल की 15वीं मंजिल से कथित तौर पर कूद कर 26 वर्षीय वकील ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस को रॉयल प्लाजा होटल में हुई इस घटना की सूचना रविवार रात करीब सवा नौ बजे दी गई। मृतक की पहचान दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश सिंह के रूप में हुई है, जो उसी दिन शाम में होटल में ठहरने आया था। पुलिस के एक बयान के मुताबिक, पुलिस दल ने होटल पहुंच कर पाया कि महावीर एनक्लेव निवासी सिंह ने इमारत की 15वीं मंजिल से कथित तौर पर छलांग लगा दी थी। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है तथा परिजनों के बयान के अनुसार इस मामले में किसी साजिश का शक नहीं है।

## बीएसबी बोर्ड का 10 वीं और 12 वीं का परिणाम घोषित

*10 वीं में ऑल इंडिया टॉपर बनी आचार्यकुलम असम की अश्मिता बसनेट, 12 वीं की टॉपर रहीं पतंजलि गुरुकुलम टिहरी की मल्लिका दास*

**हरिद्वार।** भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कक्षा 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष देशभर में भारतीय शिक्षा बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

परिणामों में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। बोर्ड की ओर से बताया गया है कि विद्यार्थी अपना परिणाम डिजिलॉकर पर जाकर कुछ जरूरी जानकारी देकर जान सकते हैं। कक्षा 10 में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान अश्मिता बसनेट (485/500, 97.00 प्रति. ),



एंजेल



मल्लिका दास

आचार्यकुलम, कुमारिकाता, असम ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंम चक्रवर्ती (463/500, 92.60 प्रति. ), आचार्यकुलम, चिरांग, असम तथा तृतीय स्थान एंजेल (462/500, 92.40 प्रति. ), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड को प्राप्त हुआ। विषयवार परिणाम में गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान में अश्मिता बसनेट (97, 97, 96), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से रहीं, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में ज्विशामत बसुमतारी (99), आचार्यकुलम, चिरांग, असम, सूचना प्रौद्योगिकी में रमाशीष (92), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड; हिंदी में एंजेल (94), पतंजलि गुरुकुलम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड से अव्वल रहीं। संस्कृत में प्रगति सिन्हा, रुचि कुमारी एवं वैष्णवी पंचोली (100/100), पतंजलि गुरुकुलम, हरिद्वार, उत्तराखंड से रहीं।

सामाजिक विज्ञान में अश्मिता बसनेट एवं सेविका देवी (97), आचार्यकुलम, कुमारीकट्टा , असम से शीर्ष स्थान पर रहीं। पेंटिंग में माधवी त्यागी (99), विकास ग्लोबल स्कूल, सिमरौली, हापुड़, उत्तर प्रदेश; तथा पंजाबी में सपना (84), शिशु निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर, राजस्थान से रहीं।

### जेंडा महिला आरक्षण का नहीं मुद्दे में पीएम का 'संरक्षण' छिपा: रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि महिला आरक्षण की आड़ में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए परिसीमन के कदम को नाकाम करना 'बुलडोजर राजनीति' की हार है और यह पूरी तरह स्पष्ट होना चाहिए कि केंद्र सरकार का एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'संरक्षण' है। कांग्रेस ने यह भी मांग की कि कि केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र या मई के अंत में एक विधेयक लाकर मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू करे।



### कांग्रेस विधायक के बेटों समेत अन्य के ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कर्नाटक में कई जगहों पर छापामारी की। इसमें कर्नाटक कांग्रेस विधायक एनए हरिस के बेटों से जुड़े परिसर शामिल हैं। यह कार्रवाई क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत श्रीकृष्ण रमेश उर्फ श्रीकी और अन्य आरोपियों के खिलाफ करीब 12 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ये छापा बेंगलुरु समेत कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर किए गए। छापों में विधायक एनए हरिस के बेटों मोहम्मद हरिस नालापड़ और ओमार फारूक नालापड़ से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। जांच कर्नाटक पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर और चार्जशीट पर आधारित है।

### उत्तर प्रदेश में रजिस्ट्री के बिना भी गेहूं बेच सकेंगे किसान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर किसानों को बड़ी राहत दी है। अब किसान रजिस्ट्री के बिना भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेच सकेंगे। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि किसानों को हो रही असुविधा के दृष्टिगत सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को आदेश तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष गेहूं खरीद के लिए किसानों की 'फार्मर रजिस्ट्री' अनिवार्य की गई थी। कई किसानों का पंजीकरण न होने या तकनीकी दिक्कतों के कारण वे अपना गेहूं सरकारी केंद्रों पर नहीं बेच पा रहे थे। इससे किसानों में नाराजगी थी।

**बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी**

## प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों में झड़प, छोड़नी पड़ी आंसू गैस

### मणिपुर में बढ़ गया है तनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### रैलियों की आड़ में हमले : पुलिस

इंफाल वेस्ट के एसपी शिवकांत सिंह ने कहा कि हाल के प्रदर्शनों में कुछ असामाजिक तत्व रैलियों का फायदा उठाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमलों में लोहे के प्रोजेक्टाइल, गुलेल, पत्थर और पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया। कई लोग नशे की हालत में भी पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार

पुलिस ने 18 अप्रैल को पातसोई से सगोलबंद के बीच इम्फाल-जिरीबाम रोड पर निकाली गई मशाल रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। रैली के दौरान भीड़ ने पथराव, पेट्रोल बम और गुलेल का इस्तेमाल किया, जिससे कई सुरक्षाकर्मी घायल हुए। सीआरपीएफ की 232वीं बटालियन के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि सरकारी वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में सगोलबंद, तेरा, उरिपोक, ब्रह्मापुर, लांगथाबल, नगामापाल, नाओरेमथोंग और थांगमेइबंद समेत इंफाल के कई इलाकों के निवासी शामिल हैं।

### यह है मामला

6 अप्रैल को ट्रोंग्लाओबी आवांग लेइकाई एक घर पर बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी। इन्हीं के न्याय के लिए प्रदर्शन हो रहे है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तैनात की गई।

**तैयारी** 25 मार्च को शुरू हुआ था खजाने की सूची तैयार करने का काम

*पिछली बार 48 वर्ष पहले 1978 में 72 दिनों में सूची तैयार की गई थी*

## जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की सूची में कोई विसंगति नहीं मिली : एसजेटीए

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों की सूची में अब तक कोई विसंगति नहीं पाई गई है। मंदिर के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी, जो 25 मार्च से शुरू हुए इस कार्य की निगरानी कर रहे हैं, ने कहा कि दैनिक उपयोग के आभूषणों वाले 'चलंती भंडार' और उत्सव के आभूषणों वाले 'बाहर भंडार' की कीमती वस्तुओं की सूची बनाने का

*इस प्रक्रिया में रत्नविज्ञानी, सुनार और आरबीआई के विशेषज्ञ शामिल*



काम सीसीटीवी की निगरानी में पूरा हो गया है, जबकि 'भीतर भंडार' (आंतरिक कक्ष) के लिए यह प्रक्रिया अभी जारी है। पाढ़ी ने कहा, ₹रत्न भंडार में रखे सभी आभूषण चाहे वो सोने के हों या कीमती पत्थरों के अब तक 1978 की सूची से मेल खाते हैं। भगवान की कृपा से एक भी विसंगति दर्ज नहीं की गई है।₹ उन्होंने बताया कि चंदन यात्रा के कारण 18 अप्रैल से यह प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है और उचित समय पर पुनः शुरू की जाएगी। एक प्रश्न के उत्तर में पाढ़ी ने कहा, ₹हम यह नहीं कह सकते कि प्रक्रिया पूरी करने में कितना और समय लगेगा। पिछली बार रत्न भंडार की सूची 48 वर्ष पूर्व 1978 में 72 दिनों में तैयार की गई थी, जबकि इस बार नौ दिनों में ही प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

### 3डी मैपिंग की जा रही

श्रीमंदिर रत्न भंडार निरीक्षण समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा कि भगवान के खजाने की सूची तैयार करने का काम 25 मार्च को शुरू हुआ था। चंदन यात्रा जैसे अनुष्ठानों के कारण कुछ समय के लिए कार्य रोक दिया गया है। न्यायमूर्ति रथ ने कहा कि सटीकता सुनिश्चित करने के लिए रत्नविज्ञानी, सुनार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के विशेषज्ञ इस प्रक्रिया में शामिल हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है और दस्तावेजीकरण के हिस्से के रूप में 3डी मैपिंग की जा रही है।

## 10000 फर्जी सिम के मास्टरमाइंड को सीबीआई ने गुवाहाटी से पकड़ा

- सीबीआई के 'ऑपरेशन चक्र-पांच' के तहत हुई कार्रवाई

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल के लिए 10,000 से अधिक सिम कार्ड अवैध रूप से प्राप्त करने वाले एक प्रमुख साजिशकर्ता को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अगस्त से फरार उबैद उल्लाह को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तार आरोपी ने गुवाहाटी में अवैध रूप से सिम कार्ड हासिल किया था और अगस्त 2025 से फरार था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने अवैध रूप से जारी किए गए लगभग 10,000 सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए कई बैंक खातों के माध्यम से पीओएस एजेंट को लगभग 67 लाख रुपये हस्तांतरित किए।''

### आठ राज्यों में तलाशी अभियान चलाया

प्रवक्ता ने कहा कि जांच के दौरान, आठ राज्यों में लगभग 45 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप फर्जी/अवैध रूप से प्राप्त सिम कार्ड जारी करने में शामिल 10 आरोपी पीओएस एजेंट को गिरफ्तार किया गया। 'इन सिम कार्ड को प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किए गए कूरियर लेनदेन से संबंधित सबूत भी मिले हैं।''

## चिंतन

# स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

# महंगाई से बढ़ीं आम आदमी की चिंताएं



मुद्दा
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> अमेरिका की इन्वेस्टमेंट फर्म सिंपलीफाई एसेट मैनजमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण पांच वर्षों तक कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें युद्ध के पहले के सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल है। ऐसे में इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढ़ने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3 .4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3 .21 प्रतिशत थी।

अप्रैल 20 को अमेरिका और ईरान के बीच समुद्र में बढ़ते तनाव के कारण एक बार फिर कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल दिखाई दे रहा है। अमेरिका की इन्वेस्टमेंट फर्म सिंपलीफाई एसेट मैनजमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण आगामी पांच वर्षों तक कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें युद्ध के पहले के सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल ही है। ऐसे में इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढ़ने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.88 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, यह फरवरी माह में 2.13 प्रतिशत के स्तर पर थी। स्थिति यह है कि थोक मूल्य की यह महंगाई 38 महीने के उच्चतम स्तर पर है । निसंदेह खाड़ी देशों से आयातीत कच्चे माल के महंगे होने और ईंधन, बिजली व गैस की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे हुए हैं। खासतौर से आयातीत पेट्रोकेमिकल से जुड़े कच्चा माल के महंगे होने से पेंट सहित विभिन्न उत्पादों की कीमतें अधिक बढ़ी हैं। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्टस बनाने वाली कई कंपनियाँ पैकेट छोटे करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढ़ने की एक नई चिंता यह भी है कि हाल ही में 13 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2023 के बाद पहली बार बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। यद्यपि पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव समान रहा तब खरीफ का उत्पादन कम नहीं हुआ, किन्तु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। साथ ही दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य मुद्रास्फीति पर असर डाल सकता है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के लिए राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों व वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के लंबा खींचने पर भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढ़ने के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं । वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा




कीमतों व आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत में विकास दर धीमी हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य दायरे से ऊपर जाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के आम आदमी को युद्ध के संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती किए की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बीच भी देश में सरकारी तेल कंपनियों के द्वारा सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। वैश्विक तेल संकट को देखते हुए सरकार ने 11 अप्रैल को निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपये बढ़ा दिया है, ताकि देश में ईंधन की कमी ना हो और कीमतें काबू में रहें। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। निसंदेह सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार और जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रहा हैं। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में मार्च 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं महंगाई की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत के पास 10 अप्रैल तक 700 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा कोष की शक्ति भी है। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा। उम्मीद करें कि सरकार कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करते हुए इसके तहत जरूरत के मुताबिक वस्तुओं के भंडारण की सीमा, नियमित छापेमारी और दोषियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की राह पर भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी।

(लेखक लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए रखा। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने भी बाद में नरम रुख अपनाते हुए भारत के साथ संबंधों की महत्ता को स्वीकार किया और वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को उजागर करता है कि भविष्य में समुद्री मार्ग ही शक्ति प्रदर्शन के मुख्य केंद्र होंगे। अब युद्ध केवल भूमि तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक नाकाबंदी और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण आधुनिक युद्धनीति के प्रमुख अंग बन चुके हैं। 1

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण मोह



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लंबे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लंबे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### गलत खानपान से बढ़ता मोटापा

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है।

*- पवन कुमार, पानीपत*

## ट्रेंड

#### कृषि समृद्धि की आधारशिला



कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥
**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

#### ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं



अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

#### बंगाल विकास की राह पर चले



पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।
**-योगी आदित्यनाथ**, सीएम, यूपी

#### रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन



अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नहीं है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

## करंट अफेयर

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला



संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी और मुकाबला काफी कड़ा था। ऐसे में सवाल है कि उम्मीदवारों की संख्या कम होने का क्या कारण है। इसका एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के अपेक्षाकृत अधिक शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं।

## ऑफ बीट

### साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।




**वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे :** वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

### सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

# पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसिंग रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।



### हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभषिक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताक़त झोंकनी होगी।

## खबर संक्षेप

### डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी




**नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

### पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।



### जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

**जोहानिसबर्ग।** गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।



### असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

**मुंबई।** मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।




## आईपीएल : लगातार 4 मैच हारने के बाद जीती मुंबई

# तिलक वर्मा का शतक, इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से रौंदा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर चार विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर दो विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही। टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सिराज ने 25 जबकि कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया।

**अश्विनी कुमार को 4 विकेट**



तिलक
101* रन
45 गेंद
08 चौके
07 छक्के

**मुंबई-199/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का एवं बो रबाडा | 13 |
| मालेवार पगबाधा बो रबाडा | 02 |
| नमन धीर का रबाडा बो प्रसिद्ध | 45 |
| सूर्यकुमार यादव बो रबाडा | 15 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 101 |
| हार्दिक का फिलिप्स बो सिराज | 15 |
| शेरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 07
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 199 रन
विकेट पतन: 1-10, 2-25, 3-44, 4-96, 5-177
गेंदबाजी: सिराज 4-0-25-1, रबाडा 4-0-33-3, अशोक 3-0-38-0, राशिद 4-0-31-0, प्रसिद्ध 4-0-54-1, सुंदर 1-0-13-0

**गुजरात-100/10 (15.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का भगत बो बुमराह | 00 |
| शुभमन का नमन बो अश्वनी | 14 |
| जोस बटलर पगबाधा बो पंड्या | 05 |
| सुंदर का नमन बो सेंटनर | 26 |
| फिलिप्स का एवं बो सेंटनर | 06 |
| तेवतिया का डिकॉक बो अश्वनी | 08 |
| शाहरुख का नमन बो अश्वनी | 17 |
| राशिद का स्थानापन्न बो अश्वनी | 04 |
| रबाडा स्टं डिकॉक बो गजनफर | 12 |
| अशोक शर्मा नाबाद | 01 |
| सिराज पगबाधा बो गजनफर | 00 |

अतिरिक्त: 07
कुल:15.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 100 रन
गेंदबाजी: बुमराह 3-0-15-1, पंड्या 1-0-18-1, भगत 2-0-10-0, अश्वनी 4-0-24-4, गजनफर 2.5-0-17-2, सेंटनर 3-0-16-2

### हैदराबाद की नजर जीत पर, दिल्ली के हौसले भी बुलंद

**हैदराबाद।** पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे।वहीं अक्षर पटेल की अगुवाई में दिल्ली कैपिटल्स के हौसले बुलंद है। राहुल और मिलर अपने श्रेष्ठ फॉर्म में हैं।

**विश्व सीरीज कार्टिंग**

# 11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन



**लोनाटो ।** भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया, जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे। अतिका ने अभ्यास सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन किया और पोल पोजीशन हासिल करने वाले ड्राइवर से केवल एक सेकंड के दसवें हिस्से से पीछे रहीं।

# टूर्नामेंट आज से शुरू, दांव पर दो गोल्ड

**काहिरा।** भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा। भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

**आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप**




### शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

### हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

# ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल

**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

- **पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर तक**




### ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा : गेल

गेल ने कहा,' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैंने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी।' वहीं ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक बच्चन ने कहा,' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिए सबसे रोमांचक नए क्षेत्रों में से एक है, जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनाएं हैं। हम इस लीग के माध्यम से नई प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनाएंगे ।

## हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

# बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।



### प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक

**मैनचेस्टर।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।





# लियोन ने किया उलटफेर, पीएसजी को हराया

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया।

पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।




# होर्मुज में फंसे नाविकों पर जायसवाल बोले-ईरान से हो रही लगातार बातचीत

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारत पूरी तरह सतर्क है और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गल्फ देशों के साथ लगातार संपर्क में है*

## खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव, भारतीय नाविकों की सुरक्षा में जुटा विदेश मंत्रालय

### होर्मुज पर तकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है।

*भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया*



### भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर

*जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया।*

### ईरान ने होर्मुज को लेकर फिर दी धमकी

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोकने के अपने वादे जोर देते हुए कहा कि जब तक ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिका की नाकेबंदी जारी रहेगी, वह जहाजों को रोकता रहेगा। इस बीच, मध्यस्थ इस हफ्ते युद्धविराम खत्म होने से पहले आगे की बातचीत पक्की करने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस दोहरी नाकेबंदियों ने पाकिस्तान की अगुवाई में हो रही मध्यस्थता की कोशिशों को मुश्किल बना दिया है और यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या युद्धविराम को बुधवार की तय समय सीमा से आगे बढ़ाया जा सकता है। गालिबफ, जो अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार हैं, उन्होंने कहा कि तेहरान इस अहम जलमार्ग से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को रोकता रहेगा। यह बयान तब आया जब शनिवार को ईरान की नौसेना ने वहां से गुजरने की कोशिश कर रहे जहाजों पर गोलियां चलाईं थीं।

### भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर ईरानी राजदूत ने दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जयसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है।

**एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य**

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है।

**11 भारतीय जहाज हो चुके होर्मुज पार**

अभी तक 11 भारतीय जहाज होर्मुज पार कर चुके है। इनमें आखिरी देश गरिमा 18 अप्रैल को ही पार हुआ। लेकिन अभी भी 14 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में रुके हुए हैं। ये सभी जहाज होर्मुज पार करने का इंतजार कर रहे हैं, भारतीय नौसेना इन 14 जहाजों से लगातार बात कर रही है। हर जहाज को सलाह दी जा रही है कि वे सुरक्षित जगह पर रहें और नौसेना जब कहे तभी आगे बढ़ें।

**भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ाई**

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय जहाजों के लिए एडवाइजरी जारी, लारक द्वीप से दूर रहें



18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाड्र्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चलाई। इसके बाद भारतीय नेवी ने होर्मुज के पास सिक्योरिटी बढ़ा दी है। नई एडवाइजरी जारी हुई है कि लारक द्वीप से दूर रहें। नौसेना की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। 11 जहाज पार हो चुके हैं। देश गरिमा को एस्कॉर्ट किया जा रहा है। 14 जहाज अभी फारस की खाड़ी में फंसे हैं। भारतीय नौसेना के सात युद्धपोत तैनात हैं। 18 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी गाड्र्स ने दो भारतीय जहाजों पर गोली चला। इसके बाद भारतीय नौसेना ने तुरंत एक्शन लिया और होर्मुज के पास सुरक्षा का जाल और मजबूत कर दिया। अब भारतीय झंडे वाले सभी जहाजों को नई चेतावनी दी गई है कि वे फारस की खाड़ी में फंसे रहकर लारक द्वीप के पास न जाएं। सिर्फ नेवी की अनुमति मिलने पर ही आगे बढ़ें। भारतीय नौसेना सभी भारतीय जहाजों की सुरक्षा को सबसे पहले रख रही है। अभी 14 भारतीय जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। होर्मुज पार करने का इंतजार कर रहे हैं। नौसेना इन जहाजों से लगातार संपर्क में है। उन्हें सुरक्षित रहने की सलाह दे रही है।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पासपोर्ट बनवाकर लश्कर का आतंकी भागा

**श्रीनगर।** लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी उमेर हारिस उर्फ 'खरगोश' भारत से भाग गया है। वह जयपुर से सज्जाद नाम से जारी जाली पासपोर्ट के जरिए देश से भागा है। वह भारत छोड़ने के बाद सऊदी अरब में जाकर छिपा है।

### आरकॉम के दो वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बताया कि अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के दो वरिष्ठ अधिकारियों को कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों की पहचान आरकॉम के उपाध्यक्ष अनिल कालिया और संयुक्त अध्यक्ष डी. विश्वनाथ के रूप में की है।

### सुभाषचंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को "न सुधरने वाला" बताया और सख्त टिप्पणी की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं।

### पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय बैठक

# दोनों देशों के बीच 2030 तक 50 बिलियन डॉलर व्यापार का लक्ष्य

*चिप से लेकर शिप तक पर करार हुआ*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अपनी पहली भारत यात्रा पर प्रेसिडेंट ली का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रेसिडेंट ली का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है।

हर चुनौती ने उनके भीतर जनसेवा के संकल्प को और सशक्त किया है। भले ही यह उनकी पहली भारत यात्रा हो, लेकिन भारत के प्रति उनकी आत्मीयता हमारी पहली मुलाकात से ही स्पष्ट रही है। उन्होंने आगे कहा कि आठ वर्ष बाद कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है। डेमोक्रेटिक वैल्यूस, मार्केट ईकानमी और कानून के शासन के प्रति सम्मान, हम दोनों देशों के डीएनए में हैं। इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में भी हमारा सामान्य दृष्टिकोण है। इन सबके आधार पर, पिछले एक दशक में हमारे संबंध अधिक गतिशील और व्यापक हुए हैं। पीएम मोदी दोनों देश के बीच हुए समझौते के बारे में बताते हुए कहा कि भारत और कोरिया का बाइलैटरल ट्रेड, आज ट्वेंटी सेवन बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे फिफ्टी बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

### फिल्म और गेमिंग समेत पॉप कल्चर को लेकर भी हुई चर्चा

### दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार आज 27 बिलियन डॉलर तक पहुंचा



हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग और पीएम मोदी

**इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता**



भारत और दक्षिण कोरिया अब चिप से लेकर जहाज बनाने तक में सहयोगी बनेंगे। सोमवार को पीएम मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह सहमति बनाई गई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच बड़ा इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट समझौता हुआ है।

**पीएम मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में ली सेल्फी**

हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के दौरान ली जे-म्युंग ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। भारत-दक्षिण कोरिया के द्विपक्षीय और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर फोकस किया गया।

### ये प्रमुख 5 समझौते

- *1. **इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली समझौता:** दोनों देशों के नागरिकों के लिए यात्रा के दौरान स्थानीय क्यूआर कोड कोड सिस्टम का उपयोग करके भुगतान करना आसान बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट सिस्टम को जोड़ने पर समझौता हुआ।*
- *2. **व्यापार साझेदारी को उन्नत करना:** दोनों देश अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को उन्नत करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए, ताकि 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।*
- *3. **सेमीकंडक्टर और रक्षा साझेदारी** : रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में समझौता किया गया, जिसके तहत सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा जहाजों के निर्माण, तकनीक साझाकरण और संयुक्त सैन्य अभ्यास को बढ़ावा दिया जाएगा।*
- *4. **विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग:** दोनों देशों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष रूप से भविष्य की रणनीतिक तकनीकों के विकास, जैव प्रौद्योगिकी और जैव-अर्थव्यवस्था में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।*
- *5. **भारत-कोरिया मैत्री वर्ष (2028-29):** दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों, लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2028-29 को 'भारत-कोरिया मैत्री वर्ष' के रूप में मनाने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त, दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए तकनीकी और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई।*

**भारत-सऊदी अरब बढ़ायेंगे सहयोग**

## अजित डोभाल पहुंचे सऊदी अरब रियाद में मंत्रियों से हुई मुलाकात



एजेंसी ▶▶ रियाद

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रविवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब के रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना माना जा रहा है। अजित डोभाल ने ऊर्जा, सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के मुद्दों पर सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई बैठकें कीं। डोभाल का किंग खालिद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल खान और सऊदी अरब के डॉ. सऊद अल-साती (डिप्टी मिनिस्टर फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स) ने स्वागत किया। इसके बाद, अजीत डोभाल ने सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर विचार किया। इस चर्चा में कोऑपरेशन और रीजनल डेवलपमेंट पर बातचीत की गई। अजित डोभाल की सऊदी अरब में यह मीटिंग ऐसे समय में हुई है, जब भारत और सऊदी अरब पारंपरिक कच्चे तेल के अलावा नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और सप्लाई चेन मजबूती के लिए सहयोग बढ़ा रहे हैं।

### आज से जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़ते वैश्विक संकट के मध्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से जर्मनी की तीन दिवसीय (21 से 23 अप्रैल तक) आधिकारिक यात्रा करेंगे। जिसमें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक रोडमैप को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा। इसकी मदद से भारत और जर्मनी को एक ऐसा ढांचा मिलेगा। जिससे वह अपनी कई सैन्य हार्डवेयर से जुड़ी हुई पहल पर सह-विकास और सह-उत्पादन के जरिए आगे बढ़ेंगे। जर्मनी के रक्षा उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों से भी राजनाथ की मुलाकात होगी।

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई ने की टिप्पणी**

# हैरानी है कि पढ़े-लिखे लोग भी 'डिजिटल अरेस्ट' का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि यह हैरानी की बात है कि पढ़े-लिखे लोग भी 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार हो रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची के साथ पीठ की अध्यक्षता कर रहे प्रधान न्यायाधीश ने हाल में एक बुजुर्ग महिला के मामले का उल्लेख किया जिन्हें साइबर अपराधियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनकी सेवानिवृत्ति पर मिली पूरी राशि ठग ली। प्रधान न्यायाधीश ने ये टिप्पणियां उस समय कीं, जब अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने पीठ के समक्ष 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले का उल्लेख किया। शीर्ष न्यायिक अधिकारी ने कहा, बैठकें हो चुकी हैं। हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।'



**साइबर ठगी का नया तरीका**

'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी का नया तरीका है। ऐसे मामलों में ठग खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों को ऑडियो या वीडियो कॉल करके डराते हैं और उन्हें गिरफ्तारी का झांसा देकर उनके ही घर में डिजिटल तौर पर बंधक बना लेते हैं। कोर्ट को पहले बताया गया था कि इस तरह के डिजिटल अरेस्ट घोटालों के जरिए करीब 3000 करोड़ रुपए की ठगी हो चुकी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया था संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ऐसे मामलों की बढ़ोतरी को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने सभी राज्यों में दर्ज ऐसे मामलों को सीबीआई के पास ट्रांसफर कर दिया था। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद गृह मंत्रालय ने भी एक उच्च स्तरीय इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी बनाई है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए तैयार की गई प्रस्तावित एसओपी भी उन्होंने पेश की।

### इधर, सिम कार्ड से धोखाधड़ी मास्टमाइंड गिरफ्तार

सीबीआई ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल के लिए 10,000 से अधिक सिम कार्ड अवैध रूप से प्राप्त करने वाले एक प्रमुख साजिशकर्ता को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। पिछले साल अगस्त से फरार उबैद उल्लाह को रविवार तड़के गिरफ्तार किया गया। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, गिरफ्तार आरोपी ने गुवाहाटी में अवैध रूप से सिम कार्ड हासिल किया था और अगस्त 2025 से फरार था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने अवैध रूप से जारी किए गए लगभग 10,000 सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए कई बैंक खातों के माध्यम से पीओएस एजेंट को लगभग 67 लाख रुपए हस्तांतरित किए।

## निदा खान को डबल झटका, कोर्ट ने नहीं दी अंतरिम जमानत, टीसीएस ने किया सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नासिक



नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) से जुड़े बीपीओ में जबरन धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले की कथित मास्टरमाइंड निदा खान को बड़ा झटका लगा है। नासिक की अदालत ने सोमवार को उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की, लेकिन तुरंत राहत देने से इनकार कर दिया। पिछले हफ्ते 26 वर्षीय निदा खान ने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। उन्होंने अपनी याचिका में खुद के गर्भवती होने का हवाला देते हुए राहत की मांग की थी। उनके परिवार ने दावा किया है कि निदा खान दो महीने की गर्भवती है।

### नागपुर में भी नासिक जैसा मामला आया सामने आया एनजीओ संचालक गिरफ्तार

*नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है। यहा मामला भी कुछ-कुछ नासिक कांड के जैसै ही है। यहां पर एक एनजीओ के डायरेक्टर पर महिला कर्मचारियों ने कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप छेड़छाड़ से लेकर धार्मिक दबाव तक के हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना ने कार्यस्थल की सुरक्षा और महिलाओं की गरिमा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, नागपुर के मानकापुर इलाके में स्थित यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसायटी नाम के एनजीओ के डायरेक्टर रियाज फाजिल काजी के खिलाफ चार महिला कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस निरीक्षक हरेश कालसेकर ने बताया कि महिलाएं सीधे थाने पहुंचीं और अपनी आपबीती सुनाई। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज किया और उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28